हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, शनिवार, 22 फरवरी 2025

तापमान
अधिकतम 33 डिग्री
न्यूनतम 19 डिग्री

[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]

08 मानव अधिकार आयोग का औचक निरीक्षण कुष्ठ मरीजों से की पूछताछ



10 दूसरा चरण: चार सीट में दो भाजपा और दो कांग्रेस प्रत्याशियों का कब्जा






### विधानसभा चुनाव के दौरान दिए गए शपथ पत्र को चुनौती देनी वाली याचिका पर भी सुको ने दिया चार हफ्ते का स्टे

# जेल से सात महीने बाद देवेंद्र रिहा, 23 जगहों पर भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

बलौदाबाजार हिंसा मामले में अंततः भिलाईनगर के विधायक देवेंद्र यादव शाम करीब 6 बजे केंद्रीय जेल रायपुर से रिहा कर दिए गए। एक दिन पहले सुप्रीम कोर्ट से उन्हें जमानत मिली थी। इसके बाद शुक्रवार को पूरे दिन केंद्रीय जेल रायपुर और इसके आसपास गहमागहमी बनी रही। उनके भाई धर्मेंद्र यादव दस्तावेजी प्रक्रिया पूरी करने के लिए सक्रिय रहे। उन्होंने बलौदाबाजार न्यायालय में सुप्रीम कोर्ट के आदेश की प्रति वकीलों के माध्यम से सौंपी। इसके बाद बलौदाबाजार से देवेंद्र यादव को रिहा करने का आदेश जारी हुआ। इधर दोपहर करीब साढ़े 3 बजे देवेंद्र यादव की पत्नी श्रुतिका और समर्थक देवेश पाणिग्रही दिल्ली से रायपुर लौटे। आते ही वे केंद्रीय जेल रायपुर पहुंचे। जहां पहले से ही देवेंद्र के समर्थक जमा थे। कागजी कार्रवाई पूरा होने के बाद शाम को उन्हें जेल से जमानत पर छोड़ा गया। इसके बाद वे रैली की शक्ल में भिलाई के लिए रवाना हो गए। इस दौरान रायपुर से भिलाई के मध्य करीब 23 जगहों पर उनका स्वागत किया। इधर एक अन्य मामले में सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें स्टे दे दिया है। उनके विरुद्ध हाईकोर्ट बिलासपुर में गलत शपथ पत्र दिए जाने की याचिका हुई है। इस मामले में कोर्ट ने 4 हफ्ते तक स्टे दिया है। साथ ही इन चार हफ्तों के अंदर हलफनामा प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। इधर बलौदाबाजार हिंसा मामले में 112 अन्य लोगों को भी जमानत मिल गई है।



मुझे न्याय पर पूरा भरोसाः देवेन्द्र



### बलौदाबाजार हिंसा मामले में 60 आरोपियों को पहले ही मिल चुकी जमानत

बता दें कि बलौदाबाजार हिंसा मामले में बीते दिनों में 60 आरोपियों को जमानत मिल चुकी है। इस केस में बलौदाबाजार पुलिस ने 187 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। इस लिहाज से अब बलौदाबाजार कलेक्टोरेट-एसपी दफ्तर में आगजनी के मामले में कुछ लोग ही जेल में बचे हैं। 10 जून 2024 को सतनामी समाज का आंदोलन उग्र हो गया था और हिंसक भीड़ ने कलेक्ट्रेट तथा एसपी दफ्तरों में आग लगा दी थी। मामले में तत्कालीन कलेक्टर और एसपी को सस्पेंड कर दिया गया था। मामले में परिसर में रखी 200 से ज्यादा गाड़ियां फूंकी थीं और सरकारी संपत्ति को 12.5 करोड़ रुपए के नुकसान का अनुमान लगाया गया था। हिंसा के दौरान 25 पुलिसकर्मियों के घायल हुए थे। मामले में पुलिस ने 187 लोगों को आरोपी बनाया था। इसमें कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव भी थे।

### समर्थकों का हुजूम

देवेन्द्र यादव को जमानत की मिलने की खबर के बाद उनके समर्थकों में जश्न का माहौल दिखा। शुक्रवार को उनकी रिहाई से पहले ही सेंट्रल जेल के गेट के सामने देवेन्द्र यादव के समर्थकों की भीड़ उमड़ी। भिलाई के साथ ही रायपुर व बलौदाबाजार से भी विधायक देवेन्द्र यादव के समर्थकों की भीड़ जुटी। समर्थक यहां लगातार नारेबाजी करते रहे। सेंट्रल जेल से रिहा होने के बाद देवेन्द्र यादव ने समर्थकों का अभिवादन स्वीकार किया। इसके बाद वे सीधे भिलाई के लिए रवाना हो गए।

### गलत शपथ पत्र मामले में भी राहत

विधानसभा चुनाव के दौरान गलत शपथ पत्र दिए जाने के एक मामले में हाईकोर्ट में याचिका विचाराधीन है। इस मामले में भी देवेंद्र को बड़ी राहत मिली है। उन्हें 4 हफ्ते का स्टे मिला है। दोनों पक्षों को शुक्रवार को इस मामले में सुनवाई के लिए बुलाया गया था। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस नोंगमेइकापम कोटिश्वर सिंह ने मामले में सुनवाई की। देवेंद्र यादव की तरफ से वकील विवेक के. तन्खा, सुमीर सोढ़ी, वरुण तन्खा, निखिल अवाना, विपुल तिवारी, इंद्र देव सिंह, भंवर पाल सिंह जादोन ने पक्ष रखा। वहीं प्रतिवादी प्रेम प्रकाश पांडेय की ओर से वकील नरेश कौशिक, रितेश अग्रवाल, सुंदर खत्री, प्रियांशी शर्मा मौजूद थे। वकीलों की बात सुनने के बाद न्यायालय ने विलम्ब के लिए क्षमा किया। अधिवक्ता रितेश अग्रवाल ने प्रतिवादी की ओर से नोटिस स्वीकार की। जवाबी हलफनामा के लिए 4 हफ्ते का समय दिया। इस बीच चुनाव याचिका पर आगे की कार्रवाई पर रोक लगा दी।



## श्री शिवम – 22 वर्षों का विश्वास, आपका साथ, हमारी पहचान!

आज का यह विशेष अवसर हमारे लिए सिर्फ एक सालगिरह नहीं, बल्कि आपके प्रेम, समर्थन और विश्वास का उत्सव है। श्री शिवम को 22 वर्षों की इस खूबसूरत यात्रा में आगे बढ़ाने का श्रेय आपको जाता है। आपकी पसंद, आपकी निष्ठा और आपकी प्रेरणा ने हमें भारत के सबसे विश्वसनीय फैशन ब्रांड्स में से एक बनने में मदद की। 22 साल पहले, श्री शिवम की नींव एक उद्देश्य के साथ रखी गई – हर भारतीय को बेहतरीन फैशन और गुणवत्ता का अनुभव देना। यह सिर्फ एक स्टोर नहीं, बल्कि परंपरा और भरोसे का प्रतीक बन गया।

### आपके विश्वास ने हमें बनाया एक प्रतिष्ठित ब्रांड

22 साल के इस सफर में हमें गर्व है कि श्री शिवम सिर्फ एक ब्रांड नहीं, बल्कि हर उम्र और अवसर के लिए एक फैशन डेस्टिनेशन बन चुका है। आपके समर्थन से हमने देशभर में नए आउटलेट्स खोले, हर नए ट्रेंड को अपनाया और बेहतरीन शॉपिंग अनुभव सुनिश्चित किया। आपकी हर मुस्कान और हमें लगातार बेहतरीन सेवा देने की प्रेरणा देता है।

### 22वीं वर्षगांठ पर, आपके लिए एक खास उपहार

आपके अटूट विश्वास और प्यार के लिए हम सिर्फ शब्दों से धन्यवाद नहीं कहना चाहते, बल्कि आपके लिए एक खास तोहफा भी लाए हैं। 22% की विशेष छूट! इस अवसर पर, हम अपने सभी ग्राहकों के लिए 11+11% तक की विशेष छूट लेकर आए हैं, ताकि आप अपनी पसंदीदा खरीदारी को और भी खास बना सकें।

### श्री शिवम परिवार की ओर से दिल से धन्यवाद!

आपका भरोसा, हमारा गर्व!आपके साथ ये 22 साल यादगार रहे, और हम चाहते हैं कि यह सफर आने वाले दशकों तक यूं ही चलता रहे। धन्यवाद, आपके साथ 22 साल – और आगे भी अनगिनत सालों तक!

- श्री शिवम परिवार



# मानव अधिकार आयोग का औचक निरीक्षण, कुष्ठ मरीजों से की पूछताछ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

मानव अधिकार आयोग की टीम ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई-3 का दौरा किया। जिसमें उन्होंने कुष्ठ रोगी और मानसिक रोगियों को मिलने वाली सुविधाओं और मानव अधिकार के नियमों के तहत विभिन्न स्तरों पर लोगों के अधिकार की जानकारी दी। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई-3 के बीईटीओ व स्वास्थ्य सुपरवाइजर सैय्यद असलम ने बताया कि मानव अधिकार आयोग के विशेष प्रतिनिधि डॉ. प्रदीप्ता नायक, जिला कुष्ठ व क्षय अधिकारी डॉ. अभिषेक श्रीवास्तव, राज्य कुष्ठ एन एम एस चित्तरंजन शाहा जिला कुष्ठ समन्वयक डॉ. भुनेश कोसमा और जिला कुष्ठ सुपरवाइजर सीएल मैत्री की टीम ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई तीन में मितानिन प्रेरकों, मितानिन गण, अस्पताल स्टाफ ओर कुष्ठ के चिह्नित मरीजों से अलग-अलग चर्चा करते हुए कहा कि कुष्ठ मरीजों और मानसिक रोगियों से किसी भी स्तर पर भेदभाव नहीं होना चाहिए।

## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई-3 पहुंची मानव अधिकार आयोग की टीम, मरीजों से की बातचीत

### केंद्र व राज्य शासन की योजनाओं के तहत मिले सुविधाएं

डॉ. प्रदीप्ता नायक ने उनके लिए केंद्र सरकार और राज्य सरकार की योजनाएं के अंतर्गत सुविधाएं उपलब्ध कराने निर्देश दिए। उन्होंने कुष्ठ मरीजों से पूछा कि आप लोगों से भेदभाव तो नहीं किया जाता, दवाइयां निशुल्क मिलती है कि नहीं और समय पर उपलब्ध रहती है कि नहीं, स्वास्थ्य कर्मियों ओर चिकित्सक आप लोगों के साथ कैसे व्यवहार करते हैं,समाज में लोग आप लोगों से कैसे व्यवहार करते हैं। इधर स्वास्थ्य कर्मचारी और मितानिन प्रेरकों मितानिन गण से चर्चा के दौरान उन्होंने कहा हम जीतेंगे और कुष्ठ ओर मानसिक रोग का उन्मूलन करने सरकार का प्रयास सार्थक होगा इसमें चिकित्सक, पैरामेडिकल स्टाफ, स्वास्थ्य विभाग के बी ई ईटीओ व सुपरवाइजर ओर अस्पताल कर्मियों ओर मैदानी स्वास्थ्य अमले एएनएम, मितानिन, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजिका व संयोजक की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि आप सभी को मानसिक रोगियों की पहचान करना सिखाया गया है। अब आपकी जिम्मेदारी है उन का इलाज संवेदना से करें और उनके अधिकार का हनन ना होने दें।



### ओपीडी रजिस्ट्रेशन, दवा की उपलब्धता का किया निरीक्षण, पहचान और उपचार के बारे में भी जाना

कुष्ठ रोगियों को भी स्नेह प्रेम सहयोग के साथ सम्पूर्ण इलाज की जरूरत है। उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के ओपीडी रजिस्ट्रेशन, दवा का स्टाफ, इत्यादि का मुआयना किया। दिल्ली से आए डा प्रदीप्ता नायक का शाल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। उन्होंने मितानिन द्वारा कुष्ठ रोग पर रंगोली और कन्या उ मा शाला भिलाई 3 स्कूली छात्रों की पोस्टरो का निरीक्षण किया। जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ. अभिषेक श्रीवास्तव ने कहा कि दुर्ग जिले में कुष्ठ की पहचान और उपचार व निदान अभियान में अच्छा काम किया गया है। कुष्ठ रोग प्रथम अवस्था में चिन्हांकित हो रहा है। जिससे डिफामेटी विकृति नहीं मिल रही है। सही समय उपचार भी मिलने से शरीर की विकृतियों को रोका जा रहा है। कार्यक्रम में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई-3 के चिकित्सा अधिकारी डॉ. आदित्य नारायण शर्मा, आरएमए प्रज्ञा कुशवाहा, सीनियर कंसल्टेंट एलएचव्ही आर विश्वास, सीएल मैत्री, चितरंजन शाहा, एएमएजेडी मानिकपुरी, डॉ. भुनेश कोसमा, मितानिन एरिया समन्वयक शमीम बानो, बीई ईटीओ सैय्यद असलम, फार्मासिस्ट तृप्ति चंद्राकर और लैब टेक्नीशियन आलिया खातून सहित समस्त अस्पताल स्टाफ, मितानिन प्रेरकों ओर सभी मितानिन गण उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### गांव के विकास में रहेगा उनका समर्थनः यादव



**भिलाई।** समीपस्थ औद्योगिक ग्राम रसमड़ा के सरपंच प्रत्याशी रहे छाया सरपंच भानु रामखिलावन यादव ने नवनिर्वाचित सरपंच मोतिम बालकिशन निषाद को उनकी ऐतिहासिक जीत की बधाई दी। ग्रामीणों के हित एवं गांव के विकास में उनका सदैव समर्थन व सहयोग रहा।

### झोला ग्राम पंचायत में बसंती बनी सरपंच



**निकुम।** ग्राम पंचायत झोला में बसंती कौशल निषाद ने 177 मतो से जीतकर ग्राम सरपंच बनी। चुनावी मैदान में पांच प्रत्याशी चुनावी मैदान में रहे, वहीं अपने नई सोच व विकास विजन थीम पर ग्रामीणों ने बसंती निषाद को चुना, जिसके बाद गांव में आभार रैली में घर-घर आरती उतारकर स्वागत किया। वही सरपंच बसंती कौशल निषाद ने कहा कि ग्रामीणों को 'शासन की योजनाओं का लाभ मिले, सब मिलकर एक साथ काम करेंगे, वहीं पंचों का भी जोरदार स्वागत किया गया।

## दुर्ग ब्लॉक के सबसे कम उम्र के सरपंच अंडा, सेलूद व उतई से

# पंचायत चुनाव में युवा जीते सबसे ज्यादा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

अंडा ग्राम पंचायत में छह प्रत्याशी मैदान में थे। इनमें सबसे कम उम्र के दिग्विजय सिन्हा ही थे। पंचायत में कुल 2948 मतपत्र पड़े। इनमें 994 मत दिग्विजय को मिले। मालूम हो कि 17 फरवरी को सरपंच पद के लिए मतदान था चुनाव अधिकारियों के मुताबिक जब देर शाम पंचायत के लिए मतगणना पूरी हुई तो दिग्विजय 317 मतों से विजयी हुए। दिग्विजय ने सभी गांववालों का आभार जताते हुए विजय रैली निकाल कर आप सबने अपना बेटा समझकर मुझे आशीर्वाद दिया में अपने जीवन भर आप सभी का सदैव ऋणी रहूँगा। उन्होंने गांववालों से पंचायत के सभी लोगों तक शासकीय योजनाओं का लाभ पहुंचने व गांव का विकास करने की बात कही।साथ ही आप सभी के सुख दुख में हमेशा आप के साथ हमेशा खड़ा रहूंगा।दिग्विजय के घर देर रात से ही जश्न का माहौल है। रैली में डीजे साउंड के साथ सैकड़ो की संख्या में आभार व्यक्त किया। दिग्विजय कुछ सालों सें लगातार इस क्षेत्र में सक्रिय रहे और उन्होंने अपने युवा टीम बनाकर गांव में एक अलग ही पहचान बनाया था। जिनका नतीजा उन्हें सरपंच पद मिला।



### खिलेश 1032 मतों से जीते, बने सरपंच

**सेलूद।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में लोगों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेकर अपना सरकार चुना। लोग सरपंच चुनने के लिए काफी उत्सुक नजर आए। पाटन विधानसभा क्षेत्र के महत्वपूर्ण ग्रामों में से एक सेलूद पंचायत के लिए गुरुवार को मत डाला गया। चूंकि सेलूद से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का विशेष लगाव है इसलिए हमेशा से ही सबकी नजर सेलूद पंचायत चुनाव में टिकी हुई थी। ग्राम पंचायत सेलूद में कांग्रेस पार्टी से ताल्लुक रखने वाले 28 वर्षीय खिलेश बबलू मारकंडे ने जीत का परचम लहराया है। सेलूद के राजनीति में इतिहास बनाते हुए 1032 मतों के अंतर से जीत दर्ज किया। खिलेश मारकंडे ने 2015 में बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण किया। छात्र जीवन से ही प्रतिनिधित्व करने की योग्यता रही है। वह शासकीय हायर सेंकडरी स्कूल सेलूद में शाला नायक के दायित्व को सफलतापूर्वक निभाते हुए छात्र राजनीति जीवन की सफलतापूर्वक शुरुआत किया। दो वर्षों तक समयदानी कार्यकर्ता के रुप में सामरी विधानसभा बलरामपुर जिला क्षेत्र में रहकर कार्य किया है।



### चौथी बार मंजू फत्तेलाल बनीं सरपंच

**उतई।** ग्राम पंचायत खोपली में मंजू फत्तेलाल वर्मा ने लगातार चौथी बार सरपंच चुनाव 198 वोट से जीतकर विजय रैली निकाली। जिसमें ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में शामिल होकर नवनिर्वाचित सरपंच मंजू फत्तेलाल वर्मा को आशीर्वाद दिया। मंजू वर्मा के कार्यकाल में लगातार खोपली में विकास कार्य किया गया। विदित हो कि पूर्व में 2015 में पहले सरपंच निर्वाचित हुए फिर 2020 में दूसरी बार निर्वाचित हुई। कांग्रेस सरकार के समय धारा 40 में बर्खास्त होने के पश्चात 2022 उपचुनाव में फत्तेलाल वर्मा कि पत्नी मंजू वर्मा ने कांग्रेस समर्पित प्रत्याशी को 521 वोटों से हराकर पूरे दुर्ग ग्रामीण में ऐतिहासक जीत दर्ज की और तीसरी बार सरपंच चुनाव में जीत दर्ज की 2025 सरपंच पद चुनाव में फिर से खोपली की जनता ने मंजू फत्तेलाल वर्मा पर भरोसा जताया और चौथी बार सरपंच बनाने का दुर्ग जिले में ऐतिहासिक रिकार्ड बनाया गया है। सांसद विजय बघेल, जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, विधायक ललित चंद्राकर ने बधाई दी।

## जीवन में उन्नति करनी है तो हमें अपनी नीति नीयत अच्छी रखनी होगीः अरोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ननकट्टी



समीपस्थ ग्राम कोड़िया में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के अंतर्गत तीसरे दिन प्रवक्ता बाल योगी विष्णु अरोड़ा ने ध्रुव चरित्र की चर्चा करते हुए बताया कि अगर जीवन में हमें उन्नति करनी है तो हमें अपनी नीति नीयत अच्छी रखनी होगी। जिसकी नीति गलत होगी वह जीवन में कभी सफलता प्राप्त नहीं कर सकता। आज का मानव केवल अपने रुचि पर ध्यान दे रहा है और उस रुचि को पूरा करने के लिए नैतिक अनैतिक का विचार त्याग कर केवल अपनी रुचि को पूरा कर रहा है इसलिए आज व्यक्ति का चारित्रिक पतन हो रहा है राजा उत्तानपाद की दो पत्नियों सुनीति और सुरुचि की व्याख्या करते हुए बाल योगी ने बताया कि रुचि का संबंध मन से है और मन हमेशा पतन की ओर जाता है। अतः नीति पर हमें ध्यान देना होगा नीति का पालन करना होगा तभी मनुष्य अपने जीवन में तरक्की कर सकता है। आज का मानव आगे बढ़ना तो चाहता है परंतु स्वयं आगे बढ़ने की बजाय केवल एक-दूसरे की टांग पकड़कर नीचे गिराने में आदमी अपने जीवन को लगा रहा है। ध्रुव की भक्ति का वर्णन करते हुए बताया कि ध्रुव बालक है और जिसका हृदय बालक की तरह से सरल होगा। निर्मल होगा वहीं परमात्मा को पा सकेगा।

### सरपंच सहित कई कार्यकर्ता भाजपा में शामिल



**भिलाई।** दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल के निज निवास सेक्टर-5 भिलाई में भाजपा के वरिष्ठ नेता जागेश्वर शुक्ला के नेतृत्व में ग्राम भरर के जाम गांव ( आर ) के नवनिर्वाचित सरपंच कौशल्या साहू एवं पूर्व सरपंच छबीलाल साहू पंच अपने पूरे कार्यकताओं के साथ में भाजपा में शामिल हो गए। उन्होंने भाजपा की रीति नीति से मोदी की गारंटी और विष्णुदेव साय के सुशासन से प्रभावित होकर दुर्ग सांसद विजय बघेल ने बीजेपी में प्रवेश करने भाजपा गमछा पहनाकर भाजपा प्रवेश कराया। इस अवसर पर चुनुराम चंद्राकर, शिव चंद्राकर, गोवर्धन सिंह, बसंत चंद्राकर, सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।



# बगैर प्रत्याशी को सूचना दिए टाई होने पर लॉटरी निकालकर सुना दिया फैसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में अफसरों की अनदेखी से बडा बखेडा खडे हो गया हैं। पंच पद में बराबर वोट मिलने के बाद प्रत्याशियों को सूचना दिए बगैर अफसरों ने लाटरी निकाल दी। लेकिन जब इसकी जानकारी प्रत्याशियों को मिल रही हैं तो वे ऐसी जानकारी नही होने की बात कह रहे हैं। उनके द्वारा जिला निर्वाचन आयोग को फथ्र से चुनाव कराने की मांग की जा रही हैं।

पहले चरण में थोक में ग्राम पंचायतो के विभिन्न वार्डो में पंच पद पर दो अभ्यर्थियों के बीच मुकाबला टाई रहा। इसके बाद अनेक प्रत्याशियों को सूचना दिए बिना उनकी गैर मौजूदगी में लाटरी निकालकर दूसरे पक्ष को विजयी घोषित कर दी गई। मामले में विभिन्न ग्रामों के अभ्यर्थियों ने जिला निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर इसकी शिकायत की है। शिकायतकर्ताओं ने संबंधित वार्डों में पुनः निर्वाचन कराने आदेश जारी करने मांग की है। शिकायत कर्ताओ का कहना है कि, वे पंच पद के क्रमश : घुरऊ राम चन्द्राकर ग्राम पंचायत खोपली वार्ड कं. 13, पूजा राजपूत, ग्राम खपरी (सिलोदा) वार्ड कं. 20, एवं अनुपा पति लेखराम ग्राम पंचायत डुमरडीह वार्ड क. 18 जनपद पंचायत दुर्ग जिला दुर्ग छ.ग. के प्रत्याशी है। 17 फरवरी को पंच पद हेतु चुनाव हुआ था। जिसमें उनके निकटतम प्रतिद्वंदी प्रत्याशी के बीच ड्रा हुआ था। इस पर उन्हें बिना सूचना दिये लाटरी निकाल कर पंच घोषित कर दिया गया है, जिसकी उन्हें जानकारी ही नही है।

## आयोग से लिखित शिकायत, पंच पद में बराबर वोट मिलने के बाद इस तरह की लगातार शिकायतें

### आरओ से की गई लिखित शिकायत

पीड़ित प्रत्याशियों ने रिटर्निंग आफिसर, जनपद पंचायत दुर्ग के पास शिकायत किये जाने पर रिटर्निंग अफसर द्वारा उन्हे अपने ग्राम के सचिव से सम्पर्क करने को कहा गया है। वहीं सचिव से भी संपर्क किये जाने पर उनके द्वारा उन्हें इस बारे में कोई जानकारी नही है कहा जा रहा है। शिकायतकर्ता घुरऊ राम, पूजा राजपूत व अनूपा का कहना है कि, उपरोक्त तथ्यों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए उन्हें बिना सूचना दिये पंच पद हेतु लाटरी निकाले जाने पर उचित कार्यवाही करते हुए पुनः निवार्चन कराने का आदेश जारी की की जाए।




### दुर्ग जनपद में पंच पद के लिए डेढ़ दर्जन वार्डों में टाई

दुर्ग जनपद अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों में पंच पद के लिए डेढ़ दर्जन वार्डों में दो-दो अभयर्थियों को बराबर बराबर मत मिलने से मुकाबला टाई रहा। गत दिनों बराबर मत पाने वाले अभ्यर्थियों के बीच लाटरी निकाल पंच का चुनाव किया गया। इसमें ग्राम पंचायत खोपली वार्ड 13 अरुण कुमार, ग्राम पंचायत डुमरडीह वार्ड 18 रेखा एवं खपरी में लाटरी निकाल कर लक्ष्मी राजपूत को पंच चुना गया। इसी प्रकार ग्राम पंचायत ढाबा वार्ड 6 में उषा मढ़रिया, नगपुरा वार्ड 7 सीमा सिन्हा, रसमड़ा वार्ड 1 प्रीती सिका, वार्ड 13 तोमन साहू, रवेली डीह वार्ड8 सवित्री देवांगन, ढौर वार्ड 12 महेश्वरी साहू, भानपुरी वार्ड 7 रंजीता साहू, वार्ड 11 सीता ठाकुर, चिरपोटी वार्ड 2 श्यामा चरण देवदास, घुघसीडीह वार्ड 9 मंजू साहू, बेलोदी वार्ड 10 मोहन देशमुख, वार्ड 14 डाकेश कुमार, कुथरेल वार्ड 2 नीलेश देशमुख एवं ग्राम पंचायत करंजा भिलाई के वार्ड 10 शंकर साहू एवं वार्ड 12 में कृतिका लाटरी के माध्यम से पंच चुने गए।

## खबर संक्षेप

### पति-पत्नी ने किया देहदान, वसीयत सौंपी



दुर्ग। हरी नगर निवासी फर्नीचर व्यवसाई ओगल सिंह साहू, युगल साहू एवं उनकी पत्नी श्रीमती पार्वती साहू ने देहदान की घोषणा कर वसीयत नवदृष्टि फाउंडेशन के सदस्य कुलवंत भाटिया, राज आढ़तिया, हरमन दुलई, राजेश पारख, यतीन्द्र चावड़ा को सौंपी। युगल साहू के पुत्र कनक साहू ने देहदान हेतु सहमति दी। देहदान की घोषणा करते हुए युगल साहू ने कहा वह चाहते हैं उनके जाने के बाद उनकी व उनकी पत्नी की आँखों से दो लोगों को नई रौशनी मिले व भविष्य के डॉक्टरों को रिसर्च हेतु मृत देह मिले, तो हम पति पत्नी का जीवन सार्थक होगा। आज नवदृष्टि फाउंडेशन के सहयोग से हमारी इच्छा पूर्ण हुई।

### बीआईटी में 3 से 10 मार्च तक विभागीय परीक्षा

दुर्ग। छत्तीसगढ़ शासन, गृह-सी विभाग (विभागीय परीक्षा प्रकोष्ठ) मंत्रालय नया रायपुर द्वारा 3 से 10 मार्च तक विभागीय परीक्षा आयोजित करने का कार्यक्रम घोषित किया गया है। संभाग मुख्यालय दुर्ग में विभागीय परीक्षा हेतु भिलाई प्रौद्योगिकी संस्थान (बीआईटी) दुर्ग को परीक्षा केन्द्र नामांकित किया गया है। संभाग आयुक्त एसएन राठौर ने बीआईटी के प्राचार्य को पत्र जारी कर पूर्व वर्षों की विभागीय परीक्षाओं के सफल संचालन हेतु संस्थान के सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए आगामी विभागीय परीक्षा के लिए संचालन हेतु 3 से 10 मार्च तक की अवधि के लिए आवश्यकतानुसार 4 कक्ष आरक्षित कर परीक्षार्थियों की बैठक एवं अन्य आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा है।

### सुमंत जयंती समारोह आज

दुर्ग। सूत सारथी समाज एवं युवा संगठन द्वारा 22 फरवरी को श्री सुमंत जयंती समारोह का आयोजन कबड्डी ग्राउंड सारथी पारा वार्ड 3 में किया गया है। कार्यक्रम के तहत सुबह 10 बजे सारथी भवन में सुमंत महाराज की पूजा, 11 बजे बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम दोपहर 12 बजे अतिथियों का स्वागत 3 बजे शोभायात्रा व शाम 6 बजे सामाजिक भोज का कार्यक्रम होगा। मुख्य अतिथि विधायक गजेंद्र यादव होंगे। अध्यक्षता महापौर अलका बाघमार करेंगे। विशेष अतिथियों में पार्षद नरेंद्र बंजारे, शशि द्वारका प्रसाद व गोविंद देवांगन होंगे।

## मायूसी : चुनाव के चलते इन्वेस्टर गायब, पूरा साल सन्नाटे में रहा बाजार

# चुनावी साल में रियल स्टेट बाजार धड़ाम, सिर्फ 56 फीसदी राजस्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

विधानसभा और लोकसभा के बाद निकाय व पंचायत चुनाव के कारण रियल स्टेट बाजार सुस्त पड गया है। इस चुनावी साल में जिला पंजीयक को टारगेट के मुकाबले सिर्फ आधी ही आय प्राप्त हुई है। ऐसे में इस वित्तिय वर्ष के सिर्फ डेढ माह ही रह गए है। इस भारी भरकम टारगेट के पूरा करने की सोचकर जिला पंजीयक विभाग के अफसरों के पसीने छूट रहे हैं।

जिला पंजीयक विभाग को इस बार भारी भरकम टारगेट दे दिया गया है। पिछले साल जहां जिले को 385 करोड का टारगेट दिया गया था। जबकि इस बार 560 करोड के भारी भरकम टारगेट ने अफसरों के होश उडा दिए है। फरवरी माह तक हर साल सत्तर फीसदी टारगेट तक विभाग पहुंच जाता था। लेकिन इस बार टारगेट के मुकाबले फरवरी माह में सिर्फ 56.20 फीसदी ही आय प्राप्त हुई हैं। वर्तमान में फरवरी माह बीतने को हैं, वही विभाग के पास वित्तिय वर्ष का मार्च ही रह गया हैं। बहरहाल चुनाव के कारण शहर से लेकर गांव में रियल स्टेट बाजार धडाम हो गया हैं।

**खास बातें**

- इस साल 560 करोड़ का टारगेट, फरवरी और मार्च पर निर्भर
- इस साल भिलाई तीन उप पंजीयक कार्यालय भी अस्तित्व में आया
- टार्गेट पूरा करने अफसरों को मार्च माह में आय की उम्मीद

### जिला पंजीयक को 11 माह में मिला सिर्फ 56 फीसदी राजस्व




### चुनाव के बाद बाजार होगा गर्म

जानकारो की माने तो फरवरी और मार्च में भी कोई खास कारोबार नही हो पाएगा। वर्तमान में निकाय और पंचायत चुनाव अभी भी जारी है। ऐसे में जमीन का कारोबार पूरे साल मंदा रहा हैं। बताया जा रहा है कि, आने वाले साल भी बाजार जोर पकडेगा। बहरहाल भाजपा की सरकार आने के बाद रजिस्ट्री के सरकारी दर में तीस फीसदी छूट को बंद कर दिया गया हैं। जिसके कारण रजिस्ट्री कराने क्रेता और विक्रेताओं को तीस फीसदी छूट की भी अदायगी करनी पड रही हैं।

### दुर्ग शहर में सबसे ज्यादा जमीन का कारोबार

एक अप्रैल से अब तक दुर्ग में 21837 रजिस्ट्री के प्रकरण दर्ज किए गए हैं। यहां 414 करोड चालीस लाख का टारगेट दिया गया है। उसके मुकाबले 244 करोड राजस्व मिला है। जबकि पाटन उप पंजीयक में 78 करोड 40 लाख का टारगेट था। यहां अब तक 4631 रजिस्ट्री में 42 करोड 61 लाख का राजस्व मिला है। इसी तरह धमधा में 22 करोड 40 लाख का टारगेट था। यहां 1132 रजिस्ट्री में 15 करोड 52 लाख का आय मिला है। इसी तरह से भिलाई तीन में 33 करोड 60 लाख का टारगेट था। यहां 1686 रजिस्ट्री हुई और 11 करोड 93 लाख और बोरी में 11 करोड 20 लाख के टारगेट में 139 रजिस्ट्री हुई और राजस्व 3 करोड 90 लाख मिला हैं।

# तीसरे चरण का चुनाव कराने आज रवाना होंगे मतदान दल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के अंतर्गत राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किए गए निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार जिले के धमधा विकासखण्ड में तृतीय चरण का मतदान रविवार 23 फरवरी को संपन्न होगा।

- चरण के अंतर्गत धमधा ब्लॉक में 23 को मतदान

जिले में तृतीय चरण के अंतर्गत 23 फरवरी को संपन्न होने वाले मतदान एवं मतगणना कार्य को स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं निर्विघ्न रूप से संपन्न कराने हेतु सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। मतदान एवं मतगणना कार्य में लगे सभी अधिकारी-कर्मचारियों को समुचित रूप से प्रशिक्षण प्रदान करने के अलावा मतदान केन्द्रों में बिना किसी अवरोध के शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव संपन्न कराने हेतु सुरक्षा के चाक-चौबंद व्यवस्था की गई है। इसके लिए पुलिस एवं जिला प्रशासन के समन्वय से सभी मतदान केन्द्रों में आवश्यकतानुसार सुरक्षा बलों की तैनातगी की गई है। रविवार 23 फरवरी को होने वाले तृतीय चरण के मतदान के लिए मतदान अधिकारियों को शनिवार 22 फरवरी को सुबह सामग्री वितरण केन्द्र शासकीय महाविद्यालय धमधा से हरी झण्डी दिखाकर मतदान केन्द्रों के लिए रवाना किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के तृतीय चरण के अंतर्गत 23 फरवरी को संपन्न होने वाले मतदान के तहत मतों की गणना मतदान समाप्ति के पश्चात संबंधित मतदान केन्द्रों में ही की जाएगी। धमधा विकासखण्ड में रविवार 23 फरवरी को संपन्न होने वाले मतदान हेतु कुल 308 मतदान केन्द्र बनाए गए है।



### धमधा में 25 जनपद और चार जिला सदस्य

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार इन सभी मतदान केन्द्रों में सुबह 7 से दोपहर 3 बजे तक मतदान संपन्न किया जाएगा। मतदान समाप्ति के पश्चात पीठासीन अधिकारी के मार्गदर्शन में मतदान अधिकारियों के द्वारा मतगणना की जाएगी। तृतीय चरण में पंच-सरपंच के अलावा 25 जनपद पंचायत सदस्य और 4 जिला पंचायत सदस्य के लिए चुनाव संपन्न होगा।

## सरपंच की जीत की खुशी में निकला विजय जुलूस



दुर्ग। ग्राम कोटनी सरपंच प्रत्याशी रामसिंह निषाद जनपद पंचायत कोटनी, पीपरछेड़ी, मोहलाई क्षेत्र क्रमांक 4 से राजेन्द्र ठाकुर के विजयी होने पर ग्रामवासियों ने जश्न मनाया। बाजे-गाजे के साथ पटाखे फोड़ कर व गुलाल लगाकर जीत की बधाई दी। विजय जुलूस में रामसिंह निषाद ने ग्राम शीतला माता तथा राम जानकी मंदिर सहित विभिन्न ग्राम के मंदिरों में पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया।

विजय रैली में गांव में घूम कर घर-घर से आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ का सर्वप्रथम अघोरी ग्रुपदुलेराय अघोरी ग्रुप अंजोरा द्वारा सतीश निषाद की झांकी निकाली गई। इस अवसर पर बीरबल यादव, कोमल साहू, हिरामन यादव वार्ड पंच हेमलाल चक्रधारी, बिरेन्द्र कुमार निषाद, तोमन यादव चोवा यादव पोषण साहू, गौतारिया निषाद, खिलेश्वर निषाद सहित ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## विधायक ने किया रोड शो...



भिलाई। जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक-4 के भाजपा समर्थित प्रत्याशी सरस्वती बंजारे चुनाव चिन्ह पतंग छाप के पक्ष में अहिवारा विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन, जिलाध्यक्ष पुरूषोत्तम देवांगन, प्रेमलाल साहू, रविशंकर सिंह, सतीश साहू, विजय जायसवाल, मनोज तिवारी, नरेश यादव, रविन्द्र चौहान के साथ भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण के द्वारा मुरमुंदा मंडल क्षेत्र में रैली, रोड शो किया गया। जिसमें भारी संख्या में क्षेत्र के लोग उपस्थित थे।

# मतदान कार्य में लापरवाही, नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

मतदान कार्य में लापरवाही बरते जाने पर नगरनिगम के सहायक ग्रेड तीन कर्मचारी शुभम गोईर को आरओ द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। नोटिस जारी कर उनके जवाब तलब किया गया हैं। आरओ द्वारा यह नोटिस विगत 14 फरवरी को जारी की गई थी। लेकिन अब तक कार्यवाही नही होने से सवाल उठ रहे हैं। नोटिस में चौबीस घंटे के अंदर जवाब मांगा गया था। लेकिन आज पूरे आठ दिन बीत गए हैं। जारी नोटिस में कहा गया है कि, नोडल अधिकारी के अधीन कार्य करने हेतु सहयोगी के रूप में ड्यूटी लगाई गई थी। उक्त कर्मचारी का ईव्हीएम से संबंधित कार्यों में लगाई गई थी। आदेशानुसार महिला आई.टी.आई. से प्राप्त मशीनो को प्राप्त सूची अनुसार पेटी से निकालकर बी.यू. और सी.यू. के आई. डी. नंबर का मिलान कर रिजर्व मशीनों पर रिजर्व अंकित किया जाना था। लेकिन शुभम गोईर द्वारा नोडल अधिकारी (ई.व्ही.एम., रेडामाईजेशन, कमिशनिंग, स्ट्रॉग रूम तक सुरक्षित परिवहन) के बिना अनुमति के कर्तव्य स्थल से कुछ समय लगभग 1 बजे तक उपस्थित रहने के पश्चात 1 से 1.30 बजे अनुपस्थित हो गए। जिनके कारण स्ट्रॉग रूम तक परिवहन करने में रात्रि लगभग 3 बज गए थे। जिसके कारण से निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य मे अव्यवस्था एवं व्यवधान उत्पन्न हुआ है एवं रिटर्निंग ऑफिसर के आदेशों की अवहेलना हुई।

- नगर निगम के सहायक ग्रेड कर्मचारी को तलब

## विभागीय परीक्षा के लिए अधिकारियों-कर्मचारियों की लगाई गई ड्यूटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

संभाग आयुक्त एसएन राठौर द्वारा विभागीय परीक्षा के सुचारू रूप से संपादन हेतु अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कार्य दायित्व सौंपे गए हैं। जिसके अनुसार डिप्टी कलेक्टर दुर्ग हितेश पिस्दा को परीक्षा केन्द्र एवं प्रश्न पत्र प्रभारी, कार्यालय संभागीय संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग दुर्ग के सहायक संचालक के.के. शुक्ला को सहायक परीक्षा केन्द्र प्रभारी, नायब तहसीलदार दुर्ग सुश्री ज्योत्सना कलिहारी एवं नायब तहसीलदार दुर्ग वसुमित्र दीवान को वीक्षक (इन्व्हीजिलेटर), जिला कार्यालय दुर्ग के सहायक ग्रेड-3 एस अभिषेक और जिला कार्यालय दुर्ग के सहायक ग्रेड-3 लेखू राम पटेल को लिपिकीय कार्य का दायित्व सौंपा गया है। इसी प्रकार जिला कार्यालय के भृत्य मेघनाथ साहू और भू-अभिलेख शाखा जिला कार्यालय दुर्ग के भृत्य ईश्वरी साहू को उत्तर पुस्तिकाओं का पैकेट तैयार करने, डाक घर जाने एवं अन्य व्यवस्था का दायित्व सौंपा गया है। संभाग आयुक्त के आदेशानुसार समस्त अधिकारी-कर्मचारी 3 से 10 मार्च

## महाराज ने बताई श्री राम के स्वयंवर की पूरी कथा

दुर्ग। बघेरा दुर्ग वार्ड क्रमांक 56 सांई नगर में आयोजित रामकथा में श्रध्देय आचार्य स्वामी परमेश्वर महाराज लिमतरा वाले ने सीता स्वयंभर की कथा बताई। उन्होने बताया शिव धनुष हिलता तक नहीं। निराश राजा जनक के वचनों पर लक्ष्मण क्रोधित होकर श्रीराम के पराक्रम का वर्णन करते हैं। विश्वामित्र के संकेत पर श्रीराम धनुष को सहजता से उठाकर तोड़ देते हैं। इस घटना से क्रोधित होकर परशुराम आते हैं और धनुष तोड़ने वाले की हत्या करने की धमकी देते हैं। लक्ष्मण के आवेशपूर्ण शब्दों और राम के शांत स्वभाव से प्रभावित होकर परशुराम अपना धनुष राम को देते हैं। राम द्वारा उस धनुष को भी सहजता से चढ़ा लेने पर परशुराम उन्हें ईश्वर का अवतार मानकर तप के लिए प्रस्थान करते हैं। अंत में राम-सीता का विधिवत विवाह संपन्न होता है। राम कथा में पुरोहित मार्तण्ड सिंह ,राजेश्वरी राजपूत ,मेघा सिंह राजपूत,सौरभ प्रताप सिंह राजपूत, विक्की राजपूत सहित नगर वासी आनंद उठा रहे हैं।

## जन्मदिन...



दुर्ग। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के जन्मदिन के अवसर पर विधायक गजेंद्र यादव सहित उनके समर्थक सीएम आवास पहुंचकर उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दी।

## जिपं. सदस्य को दिया गया प्रमाण पत्र

दुर्ग। जिपं. सदस्य के निर्वाचन क्षेत्र 5 से 8 का सारणीकरण कर जिला पंचायत के सभाकक्ष में रिटर्निंग अधिकारी बजरंग दुबे ने विजयी प्रत्याशियों को प्रमाण पत्र वितरित किया। जिसमें क्षेत्र 05 से जितेन्द्र यादव, 6 से प्रिया साहू, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 07 से आशा विक्की मिश्राए निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 08 से श्रीमती श्रद्धा साहू शामिल है।

## देवबलोदा शिव मंदिर पर कव्हर का हुआ विमोचन

# 40 प्रतिभागी विद्यार्थियों को दी गई छात्रवृत्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

भारतीय डाक विभाग दुर्ग संभाग द्वारा भिलाई सिविक सेंटर स्थित कला मंदिर में दो दिवसीय डाक टिकट प्रदर्शनी "ट्विनसिटी पेक्स 2025" के आयोजन का शुभारंभ मुख्य अतिथि संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता निदेशक डाक सेवाएं छत्तीसगढ़ परिमण्डल रायपुर दिनेश कुमार मिस्त्री और आयोजक प्रवर अधीक्षक डाकघर दुर्ग संभाग बी.एल. जांगड़े द्वारा की गई। इस दौरान छत्तीसगढ़ की प्राचीन धरोहर देवबलोदा चरोदा स्थित शिव मंदिर पर विशेष कव्हर का विमोचन किया गया। विमोचन के माध्यम से प्राचीन छह मासी शिव मंदिर देव-बलोदा के धार्मिक महत्व को आम लोगों तक पहुँचाने का डाक विभाग के द्वारा सफल प्रयास किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि संभागायुक्त श्री सत्यनारायण राठौर ने डाक विभाग, संचार मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित छात्रवृत्ति परीक्षा में चयनित दुर्ग जिले के 40 प्रतिभागी विद्यार्थियों को दीनदयाल स्पर्श योजना वर्ष 2024-2025 के अंतर्गत छात्र/छात्राओं को 6 हजार रूपए की छात्रवृति एवं प्रशस्ति प्रमाण पत्र प्रदान किया। मुख्य अतिथि संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर ने सभी प्रतिभागी बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि आज यहां आकर दुर्लभ प्रदर्शनी देखने को मिली। उन्होंने कहा कि पहले संदेश डाक के माध्यम से भेजा जाता था। अब मोबाइल से संदेश भेजा जाता है।

- डाक टिकट प्रदर्शनी ट्विनसिटी पेक्स 2025 का शुभारंभ




### फिलाटेली पर वर्कशाप

इस प्रदर्शनी में देश-विदेश के दुर्लभ डाक टिकटों को आम नागरिकों के लिये प्रदर्शित किया गया है। भारतीय डाक विभाग दुर्ग संभाग द्वारा फिलाटेली पेंटिंग/ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, जिसमें विभिन्न स्कूलों के लगभग 250 विद्यार्थियों ने भाग लिया। साथ ही फिलाटेली पर वर्कशॉप का आयोजन किया गया था, जिसमें विभिन्न स्कूलों के लगभग 60-70 विधार्थियों ने वर्कशॉप में शामिल होकर फिलाटेली पर जानकारी प्राप्त किया। इस अवसर पर डाक विभाग के अधिकारी/कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी और उनके अभिभावक उपस्थित थे।

डाक टिकट के महत्व को बढ़ाने की जरूरत है। प्रदर्शनी में देश व विश्व की भौगोलिक, वाणिज्यिक, ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, साहित्यिक और पारंपरिक पृष्ठभूमि से संबंधित डाक टिकतों का संग्रह है। यहां सामान्य ज्ञान का अद्भुत भंडार है। आम नागरिकों को इसका लाभ लेना चाहिए।

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# सेक्टर-6 के मां बम्लेश्वरी मंदिर में शक्ति की भक्ति में डूबे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

धार्मिक उल्लास और आस्था का भक्तिमय वातावरण... मंदिर में शक्ति की भक्ति के रंग में रंगे श्रद्धावनत माता के भक्त... हवन कुंड में वैदिक मंत्रोच्चार की मंगल ध्वनि के बीच जयघोष से गूंजता यज्ञमंडप... और शक्ती पीठ सदृश आस्था के केंद्र के स्वर्णकाल को ह्दयंगम करते भक्तवृंद।

श्री मां जगदंबा मंदिर डोंगरगढ़ वासिनी बम्लेश्वरी मंदिर डाक तार कालोनी सेक्टर 6 में आज शुक्रवार को ऐसा ही भक्ति में डूबा ऐतिहासिक दृश्य था। यह पावन अवसर था बम्लेश्वरी मंदिर की स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होने पर 7 दिवसीय स्वर्ण प्रकटोत्सव के श्री गणेश का। धार्मिक अनुष्ठान के पहले दिन आज श्रद्धालुओं का ज्वार उमड़ा और विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम हुए।

## मां जगदंबा मंदिर में 50 वें स्वर्ण प्रकटोत्सव में चंडी यज्ञ




**कलशयात्रा में दिखी भक्ति की पीतांबरी आभा:** अनुष्ठान के आरंभ में सुबह 10 बजे बम्लेश्वरी मंदिर सेक्टर 6 से बाजे गाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकली। पीत वस्त्र पहने महिलाएं सर पर आस्था के कलश उठाए चल रही थीं। पीछे भक्त देवी के जयकारे कर रहे थे। कलश यात्रा मंदिर से प्रारंभ होकर बीएसपी स्कूल के सामने से सेक्टर 6 ए मार्केट और हनुमान मंदिर होते हुए वापस बम्लेश्वरी मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। इसके बाद धार्मिक अनुष्ठान शुरु हुआ। इसमें भाग लेने मंदिर में पिछले पचास साल से नवरात्रि में जोत प्रज्जवलित करने वाले ट्विनसिटी के भक्तों सहित विभिन्न स्थानों से भी लोग पहुंच रहे हैं। शनिवार को मंदिर मे गौरी गणेश पूजन बाद मनोकमानओं के लिए पांच कुंडीय सतचंडी यज्ञ सहित विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम होंगे।



पांच कुंडीय सतचंडी यज्ञ में श्रद्धालुओं ने आहुतियां डालीं। तोरणों,झालरों वंदनवारों और आकर्षक पंडाल से सजे मंदिर में 27 फरवरी तक आयोजित सात दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान का शुभारंभ गौरी गणपति पूजन से हुआ। गुरु देव व गुरुमाता के पूजन के बाद यज्ञ मंडप में वेदी पूजन और मंडप की पूजा हुआ। श्री शंकराचार्य के शिष्यों द्वारा मंत्रोच्चार के बीच वरुण पूजन व आचार्य पूजन बाद चंडी पाठ हुआ। हवन कुंड में मंदिर के मुख्य यजमान दीपक जौजाड़कर ने सपत्नीक आहुतियां डालीं। पूरा मंदिर परिसर डोंगरगढ़ वासिनी माता बम्लेश्वरी के जयकारे से गूंज उठा। पूर्व में मंदिर में विधिविधान से देवी की पूजाअर्चना और शंघ, घंटा और करताल की मंगल ध्वनि के साथ महाआरती हुई। देरशाम तक भक्तों का तांता लगा रहा। रात में माता का जगराता हुआ।

## खबर संक्षेप

### थाना प्रभारियों पर एफआईआर के आदेश पर कोर्ट ने लगाई रोक

**भिलाई।** दो थाना प्रभारियों के खिलाफ अपराध दर्ज करने के आदेश पर न्यायालय ने रोक लगा दी है। दोनों पक्षों को सुनने के बाद अंतिम निराकरण होने तक याचिकाकर्ताओं को स्थगन आदेश जारी किया है। मिली जानकारी के मुताबिक खूबचंद बघेल शासकीय कॉलेज के प्रोफेसर विनोद शर्मा पर हुए प्राणघातक हमले के आरोपी प्रोबीर शर्मा की पत्नी पूर्णिमा शर्मा ने भिलाई तीन थाना प्रभारी महेश ध्रुव और निरीक्षक श्रद्धा पाठक के खिलाफ न्यायालय भिलाई तीन में याचिका दायर की थी। जिसमें न्यायालय ने आदेश दिया था कि धारा 127 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर कोर्ट को अवगत कराने कहा था। साथ ही दोनों थाना प्रभारियों के खिलाफ अलग से विभागीय जांच किए जाने का आदेश भी दिए गए थे। मामले के खिलाफ थाना प्रभारी महेश ध्रुव और श्रद्धा पाठक ने अधिवक्ता प्रदीप नेमा के माध्यम से आदेश को चुनौती देते हुए पुनरीक्षण याचिका दायर की थी। जिला एवं सत्र न्यायधीश प्रज्ञा पचौरी ने सभी को अपना पक्ष रखने के लिए नोटिस जारी किया था। उसके बाद दोनों के खिलाफ एफआईआर पर रोक लगाने का आदेश जारी किया है।

### सहदेव के आलेख का आकाशवाणी से प्रसारण आज

**भिलाई।** आकाशवाणी रायपुर से



सहदेव देशमुख के आलेख का 22 फरवरी को सुबह 10 बजे प्रसारण किया जाएगा। आलेख का शीर्षक ' हिंदी साहित्य में काल विभाजन और उसका महत्व' है।

### वार्ड क्रमांक 8 से दूसरी बार जीते आभाष

**पाटन।** पाटन नगर पंचायत के



बहुत ही चर्चित वार्ड कहे जाने वाले वार्ड आजाद चौक वार्ड 8 के निवासी आभाष दुबे ने कांग्रेस पार्टी से दो बार विपक्षी पार्टी को मात दे चुके हैं। पार्षद आभाष दुबे ब्राह्मण समाज से विलांग करते हैं और इस बार नगरी निकाय चुनाव में जीत का परचम फहराया है। बीजेपी पार्टी से राज देवांगन ने पार्षद आभाष दुबे को कड़ी टक्कर दी लेकिन हरा नहीं पाया।

### निधन

#### सूरजलाल जनबंधु

**भिलाई।** सामाजिक कार्यकर्ता और



डॉ. आम्बेडकर फिलासफी अवार्ड से सम्मानित आदर्श नगर बीएमवाई चरौदा निवासी सूरजलाल जनबंधु 88 वर्ष का निधन शुक्रवार को सेक्टर-9 अस्पताल में हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा 22 फरवरी को सुबह 11 बजे उनके निवास स्थान से निकाली जाएगी। वे पुरूषोतम जनबंधु, भीमराव जनबंधु के पिता थे। पं.जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज रायपुर में उनका देहदान किया जाएगा।

#### खेदूराम चंद्राकर

**दुर्ग।** गिरधारी नगर निवासी



एचएससीएल के सेवानिवृत कर्मचारी खेदूराम चंद्राकर 78 वर्ष का 21 फरवरी को निधन हो गया। वे हेमंत, रोहित एवं चेतन चंद्राकर के पिता तथा विष्णु चंद्राकर के भाई थे। उनका अंतिम संस्कार हरनाबांधा मुक्तिधाम में किया गया।

#### कुमारी बाई शर्मा

**भिलाई।** ग्राम मोहंदी निवासी कुमारी



बाई शर्मा ( 75 वर्ष ) का 21 फरवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 22 फरवरी को सुबह 10 बजे मोहंदी में किया जाएगा। वे सेवानिवृत्त शिक्षक दौवा प्रसाद शर्मा की पत्नी, बब्बन शर्मा, शिब्बू शर्मा एवं भाजपा नेता राजा शर्मा की मां थी।

## पहले और दूसरे चरण में भाजपा को चार सीट, एक पर बागी का कब्जा

# दूसरा चरण: चार सीट में दो भाजपा और दो कांग्रेस प्रत्याशियों का कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दूसरे चरण में जिला पंचायत के चार सीट में दो भाजपा और दो कांग्रेस प्रत्याशियों की जीत हुई हैं। भाजपा के जिला महिला मोर्चा की अध्यक्ष दिव्या कलिहारी की हार हुई हैं। क्षेत्र क्रमांक 12 से पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष की पत्नि हार गई हैं। इधर जनपद की बात करे तो दुर्ग और पाटन में दोनो पार्टियों को पूर्ण

**त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव**

बहुमत नही मिला हैं। पहले चरण के चार सीट में भाजपा को दो जितेन्द्र यादव व लक्ष्मी साहू और बागी भाजपा प्रत्याशी प्रिया साहू जीत चुकी हैं, वही कांग्रेस के आशा विक्की मिश्रा ने जीत हासिल की थी। वही विगत 20 फरवरी को किए गए वोटिंग के बाद सामने आए आंकडों की माने तो क्षेत्र क्रमांक 10 से भाजपा समर्थित प्रत्याशी नीलम चंद्राकर जीत गई, उनके पति राजेश चंद्राकर पूर्व सरपंच व पंच रह चुके है और उनके ससुर चेलाराम चंद्राकर (दाउ) कई पदों में रहे हैं। वही क्षेत्र 12 से कल्पना साहु ने 8379 वोट से जीत हासिल की हैं, वे पूर्व युवा मोर्चा के अध्यक्ष नारद साहु की पत्नि हैं। यहां से चुनाव संचालक लालेश्वर साहू थे। जबकि भाजपा के ही क्षेत्र क्रमांक 9 से दिव्या कलिहारी को कांग्रेस के देवेन्द्र चंद्रवंशी ने मात दे दी और 11 से शैलेन्द्री मंडावी को कांग्रेस के नोमिन ठाकुर ने पछाडा हैं। क्षेत्र नौ से कांग्रेस समर्थित देवेन्द्र चंद्रवंशी और क्षेत्र क्रमांक 10, में भाजपा की नीलम चंद्राकर कांग्रेस संतोष तिवारी को हराया। क्षेत्र क्रमांक 11 से कांग्रेस समर्थित नोमिन ठाकुर ने सीट पर कब्जा कर लिया हैं।

**कांग्रेस का दो चरण में तीन सीट पर कब्जा, अब तीसरा चरण**



### सांसद विजय बघेल से मिलकर दी बधाई

जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक दस से नीलम चंद्राकर की जीत के बाद वे खुद ही सांसद विजय बघेल से मिलने पहुंचे थे। उनके साथ चुनाव संचालक रहे घनश्याम कौशिक भी थे। उनकी जीत पर सांसद ने उन्हें बधाई दी। उल्लेखनीय हैं कि, जिला पंचायत पाटन क्षेत्र के लिए खुद सांसद विजय बघेल ने भी जमकर पसीने बहाए थे। हांलाकि दो सीट भाजपा के हाथ से चली गई। क्षेत्र नौ से भाजपा की दिव्या कलिहारी की हार ने संगठन को झटका दिया है। दिव्या कलिहारी जिला महिला मोर्चा की अध्यक्ष का पद संभाल रही थी।



नीलम चंद्राकर भाजपा



कल्पना साहू भाजपा



नोमीन ठाकुर कांग्रेस



देवेंद्र चंद्रवंशी कांग्रेस

### पूर्व जिपं उपाध्यक्ष के पत्नी की हार

पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष आशोक साहू की सीट महिला होने के कारण उन्होने अपने पत्नि सुमन साहू को मैदान पर उतारा था। श्रीं साहू पूर्व मुख्यमंत्री के करीबी थे। लेकिन पांच साल के कार्यकाल ने इस बार जादू नही चला पाया और उन्हें करीब 8379 वोट से हारना पडा। वहीं उनके प्रतिद्वंदी रहे भाजपा के कल्पना नारद साहू को 21438 वोट मिले और उन्हें सिर्फ 13059 वोट से संतुष्ठ होना पड़ गया।

### पाटन जप भाजपा को पूर्ण बहुमत नहीं

जानकारी अनुसार पाटन जनपद में 25 सीट हैं। जबकि भाजपा को यहां 11 सीट मिला है। वहीं कांग्रेस को दस सीट मिले है। ऐसे में भाजपा को बहुमत जुटाने पहाड खोदने पडेगें। जबकि चार सीट जो प्रत्याशी जीते है। वे कांग्रेस के बागी प्रत्याशी है। ऐसे में यहां बहुमत जुटाने बागी प्रत्याशियों पर दोनों पार्टियों को दांव लगाने होगें।

### दुर्ग जनपद में भी भाजपा को बहुमत नहीं

दुर्ग जनपद के चौबीस सीट में भाजपा को 11 और कांग्रेस ने आठ सीट ही मिले हैं। जबकि यहां भी पांच निर्दलीय जीतकर आए है। पूर्ण बहुमत के लिए यहां तेरह सीट की जरूरत पड़ेगी। इस तरह भाजपा और कांग्रेस के लिए निर्दली प्रत्याशियों ने चुनौती खडी कर दी हैं। पाटन के जनपद क्षेत्र क्रमांक एक से कंचन उत्तरा सोनवानी, दो से कीतर्ति दुर्गेश नायक, तीन से प्रणव शर्मा, चार से शैलेन्द्र कुमार साहू, पांच से दामिनी राकेश कुमार साहु, छः से रेखा बाई जोशी, सात से संतोषी ठाकुर, आठ से डुलेश्वर सिंह मानकर, नौ से अनन्द राम बघेल, दस से सीता सुरेश निषाद, 11 उर्वशी वर्मा 12 चंद्रिका चित्रसेन कलिहारी 13 रामसुमेर छेदैया 14 दुलौरिन यादव 15 दीपमाला विजय जैन 16 कुसुमलता राकेश आडिल 17 भावना विष्णु निषाद 18 संतोष कुमार साहू 19 कमलेश वर्मा 20 रश्मि वेदप्रकाश वर्मा 21 भास्कर वर्मा 22 रामकुमार चंद्राकर 23 खेमलाल देशलहरे 24 अजय कुमार 25 रवि सिन्हा ने जीत दर्ज की हैं।

## मोहन नगर पुलिस ने किया जुर्म दर्ज

# बिजली कर्मियों से मारपीट, जान से मारने की धमकी, केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

बकाया बिजली बिल वसूलने गए कर्मियों के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी और सरकारी काम में बाधा पहुंचाने वाले दो युवकों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। पुलिस धारा 121(1), 132, 221, 296, 3(5), 351(2) के तहत कार्रवाई किया है।

मोहन नगर पुलिस ने बताया कि बघेरा जोन बिजली कंपनी में तकनीशियन वितरण के पद पर पदस्थ गौतम कुमार वर्मा अपने साथी दुष्यंत यादव के साथ बीडी कालोनी उरला दुर्ग में बिजली बिल का बकाया राशि वसूलने गया था। जहां पर शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने वाले नितेश जैन और अमन रामटेके ने मिलकर पीड़ितों के साथ गाली गलौज मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। घटना के दिन गौतम का ड्यूटी 21 फरवरी को बकाया राशि वसूली और बिजली कनेक्शन काटने में लगा हुआ था। जब बिजली कंपनी के तकनीशियन सोनिया गजभिए के मकान में पहुंचे तो उन्हे बताया कि बिजली बिल बकाया है। तब 4500 रुपए दिया गया जब प्रकाश बिजली ऐप में चेक

■ युवकों ने शासकीय कार्य में पहुंचाया बाधा

करने पर उनका बकाया राशि 5550 रुपए था। पूरी राशि पटाने उन्हें अनुरोध किया गया। थोडी देर में नितेश जैन पहुंचा और बिना कारण के कर्मियों के साथ बहसबाजी कर गाली गलौज, कालर पकड कर जान से मारने की धमकी दी। घटना में उसके साथ खडा युवक अमन रामटेके ने भी कर्मियों के साथ झूमा झटकी कर दो थप्पड जड़ दिया।

## 28 राज्यों की पुलिस टीम ने लिया था हिस्सा

# दुर्ग रेंज के सहायक उपनिरीक्षक को मिला रजत पदक, सम्मान




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

झारखंड स्थित रांची में 68 वीं ऑल इंडिया पुलिस ड्यूटी मीट 2024-25 में देशभर के 28 राज्यों की पुलिस टीम और अर्धसैनिक बलों के 1228 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ पुलिस ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए साइंटिफिक एड्स टू इन्वेस्टिगेशन, डॉग स्क्वाड प्रतियोगिता में रजत पदक हासिल किय।

आईजी रामगोपाल गर्ग ने टीम को शुभकमाएं देते हुए उज्वल भविष्य की कमाना की है। दुर्ग रेंज बालोद जिले में पदस्थ सहायक उपनिरीक्षक धरम भूआर्य ने भी अपनी श्रेष्ठता साबित करते हुए पुलिस ऑपरेशन इवेंट पर सिल्वर मेडल हासिल किया। गौरतलब है कि आईजी के मार्गदर्शन में सहायक उपनिरीक्षक धरम भूआर्य का चयन किया गया था। जिसके बाद उन्होंने झारखंड में आयोजित अखिल भारतीय प्रतियोगिता में दुर्ग रेंज समेत छत्तीसगढ़ पुलिस का मान बढ़ाया। छत्तीसगढ़ पुलिस के लिए गर्व का विषय है।

# खाता खुलवाने के नाम पर बीस लाख की ठगी, तमिलनाडु से युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

प्रोप ट्रेड एकाउंट में खाता खुलवाने के नाम पर ठगी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ धारा 420 के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि वार्ड 19 कैम्प-1 वृंदा नगर निवासी टी.राजेश्वर राव ने शिकायत किया था कि मेरेडडी पल्ली रोड़ 1 नये बस स्टाप के पास आंध्रप्रदेश गोरान्तला अनंतपुर निवासी एम हर्षवर्धन रेड्डी ने ऑनलाईन ट्रेडिंग के नाम का झांसा देकर प्रोप ट्रेड एकाउंट में खुलवाने के नाम पर अलग अलग किस्तों 20 लाख रुपए पीड़ित से लिया। जब पीड़ित ने आरोपी से रकम वापस मांगने पर टाल मटोल करने लगा। उसके बाद आरोपी का मोबाईल बंद हो गया। वैशाली नगर प्रभारी अमित कुमार अंदानी ने टीम के साथ आरोपी की खोजबीन में लग गई। आरोपी के तिरूपुर जेल तामिलनाडु में अन्य मामले में निरूद्ध होने और आरोपी एम हर्षवर्धन द्वारा जमानत के लिए हाईकोर्ट में आवेदन लगाने की सूचना मिली। आरोपी को जमानत मिलने की पूर्ण संभावना को देखते हुये न्यायालय पायल टोपनो प्रथम न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी द्वारा आरोपी की गिरफ्तारी के लिए प्रोडक्शन जारी किया। पुलिस टीम आरोपी की गिरफ्तारी के लिए तिरूपुर सिटी तामिलनाडु रवाना हुई। आरोपी एम हर्षवर्धन द्वारा तिरूपुर सिटी में भी प्रोप ट्रेड एकाउंट खुलवाने के नाम पर 55 लाख और विजयवाड़ा आन्ध्राप्रदेश में 60 करोड़ 30 लाख की ठगी करने की जानकारी मिली। पुलिस टीम तिरूपुर सिटी तामिलनाडु पहुॅचकर उसे ट्रांजस्टि रिमाण्ड लेकर भिलाई लाया गया।



■ वैशाली नगर पुलिस थाना क्षेत्र की घटना

■ शिकायत के बाद पुलिस ने टीम बनाई

# विजय जुलूस में मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



विजय रैली में जीते और हारे प्रत्याशियों के समर्थको में जमकर मारपीट करने का मामला सामने आया है। घटना की लिखित शिकायत पुलिस में की गई है। मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम खोपली उतई थाना क्षेत्र से जीती प्रत्याशी मंजू वर्मा का विजय जुलुस रैली निकला था। आरोप है कि सरपंच पति फत्ते लाल वर्मा, पुरेन्द्र वर्मा, दिनेश देशलहरे, उमेश देशेलहरे, रमेश देशलहरे, नंद किशोर देशलहरे, बाबूलाल नारंग, बिंदु देशलहरे, अंजु देशलहरे, भागचंद देशलहरे, पुरन देशलहरे के द्वारा नंद किशोर (पिंटू), चिरंजीवी, भुषण गेंडरे, ज्ञानेश्वरी गेंडरे, साहिल मात्रे, कौशल गेंडरे का घेराव कर उनके साथ मारपीट किया। बीच बचाव करने पहुंचे ईश्वरी मारकंडे को लोहे के सरिया से हमला किया गया। इसके अलावा जाति के नाम पर गाली गलौज भी की गई। जिसकी शिकायत लेकर ग्रामीण दुर्ग स्थित विशेष थाना पहुंचकर अपराध दर्ज करने की मांग कर रहे थे। लिखित में शिकायत लेकर जांच का आश्वासन दिया गया।

■ विशेष थाना पहुंचे ग्रामीण

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301

## बीएसपी में एआई आधारित पावर सिस्टम सुरक्षा कार्यक्रम

# उद्योग अकादमिक पर मिले टिप्स, 60 से अधिक इंजी. ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र ने नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एनआईटी) रायपुर के सहयोग से एचआरडी-बिल्डिंग, बीटीआटी में पावर सिस्टम सुरक्षा के लिए डेटा एनालिटिक्स और मशीन लर्निंग पर उद्योग-अकादमिक कार्यक्रम का आयोजन किया।

बीएसपी के पावर सिस्टम इंजीनियर, प्रोटेक्शन इंजीनियर, ऑटोमेशन इंजीनियर और पावर एंड ब्लोइंग स्टेशन (पीबीएस), पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (पीजीसीआईएल), एनटीपीसी-सेल पावर कंपनी लिमिटेड (एनएसपीसीएल), छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड (सीएसपीडीसीएल) दुर्ग और छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड के प्रतिनिधियों सहित 60 से अधिक इंजीनियरों ने भाग लिया।एनआईटी रायपुर के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्रो. सुभोजित घोष ने व्याख्यान दिया। उन्होंने क्लासिकल फॉल्ट प्रोटेक्शन विधियों की सीमाओं और एआई/एमएल तकनीकों से अधिक सटीकता और दक्षता प्राप्त करने के तरीकों के बारे में बताया। प्रो. घोष ने केस स्टडी, कार्यान्वयन चुनौतियों और रियल टाइम एप्लीकेशन पर चर्चा की।



### शिक्षाविदों व उद्योग के बीच सहयोग अहम

बीएसपी के मुख्य महाप्रबंधक रविशंकर ने कहा कि हमारे कार्यबल को नवीनतम तकनीकी प्रगति के साथ अद्यतन रखने के लिए शिक्षाविदों और उद्योग के बीच सहयोग महत्वपूर्ण है। व्यावहारिक अनुप्रयोगों में शोध-संचालित पद्धतियों को एकीकृत करके, हम अपनी पावर सिस्टम की निरंतर विश्वसनीयता सुनिश्चित कर सकते हैं। सीजीएम टीके कृष्णकुमार ने कहा कि पावर सुरक्षा में एआई और एमएल के एकीकरण से दक्षता, विश्वसनीयता और सटीकता में वृद्धि होगी। अपने सक्रिय प्रयासों से शिक्षाविदों और उद्योग प्रोफेशनल्स के बीच सहज बातचीत को सुगम बनाते हुए, महाप्रबंधक कामिनी गुप्ता और महाप्रबंधक सुभाष राठौर ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रबंधक (एएंडडी) एम एस राणा द्वारा किया गया।

online Booking:-www.tripuryatra.com

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-
By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
27 अप्रैल, 30 अप्रैल, 03 मई, 8 मई, 11 मई, 14 मई,19 मई, 22 मई, 25 मई, 30 मई, 02 जून, 05 जून 2025
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशिः-स्लीपर 20,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

हरिभूमि लाइव
रायपुर, शनिवार 22 फरवरी 2025
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at - 7747020002, 9755819129

04

जेन जेड के लिए

## लाइव इवेंट

## विदाई में भावुक हुए बीएसपी कर्मी, बोले-सोसाइटी की वजह से बना हमारे बच्चों का भविष्य



**भिलाई।** बीएसपी एम्पलाइज को-ऑपरेटिव एंड वेलफेयर सोसाइटी लिमिटेड सेक्टर-4 ने समारोह का आयोजन कर माह जनवरी-25 में भिलाई स्टील प्लांट की सेवा से निवृत्त हुए अपने सदस्य कर्मियों को ससम्मान विदाई दी। सोसाइटी के अध्यक्ष पूरन देवांगन ने रिटायर कर्मियों को सम्मान पत्र, मिठाई, श्रीफल व अंतिम भुगतान का चेक प्रदान कर उन्हें भविष्य की शुभकामनाएं दी। अध्यक्ष पूरन देवांगन ने इस दौरान कहा कि सभी वरिष्ठ कर्मी हमारे मार्गदर्शक हैं और सोसाइटी सदैव इनके सहयोग के लिए आभारी रहेगी।

इस दौरान कर्मियों ने सम्मान के लिए आभार जताते हुए अपने विचार रखे। स्टोर्स से रविंद्र कुमार कर्मकार ने कहा कि हमारे बच्चे बाहर में क्रेडिट कार्ड का उपयोग करते हैं क्योंकि उन्हें सोसाइटी की सुविधा नहीं है हम भाग्यशाली हैं कि हमारे पास सोसाइटी है। पर्सनल मैनेजमेंट से कौशल साहू ने कहा- सोसाइटी एक क्रांति है सोसाइटी के माध्यम से बहुत सारे छोटे-छोटे रोजगार उपलब्ध करा कर बेरोजगारी दूर की जा सकती है और ऋण के माध्यम से अपनी जरूरतें पूरी की जा सकती है।

मशीन असेंबली एंड री इंजीनियरिंग शॉप-1 से वी कनक राव ने कहा कि भिलाई की दूसरी पीढ़ी के तौर पर हम लोग रिटायर हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि अपने बेहतर व्यवहार को अगर हम अपनी संस्कृति का हिस्सा बना लें तो हर क्षेत्र में अग्रणी रह सकते हैं। जल प्रबंधन विभाग से बीएस भुट्टा का कहना था कि पैसे की आवश्यकता हो तो सोसाइटी परिवार ही हमारे साथ होता है, जीवन एक संघर्ष है उतार-चढ़ाव बहुत आते हैं यह गर्व की बात है कि हमारी सोसाइटी पर कभी किसी भी प्रकार का सवाल नहीं उठा है। उन्होंने याद करते हुए कहा कि उनके लिए निजी तौर पर बहुत बड़ी उपलब्धि है कि उनके बच्चों की शिक्षा प्राप्ति में सोसाइटी का बहुत बड़ा साथ रहा है। सेवानिवृत्त कर्मियों में ब्लास्ट फर्नेस से संजय कुमार सिंह, मार्केटिंग एंड बिजनेस प्लानिंग से वेलिंगटन विलियम, स्टील मेल्टिंग शॉप-2 से अरुण कुमार, आत्माराम ध्रुव, स्टील मेल्टिंग शॉप-3 से विजय कुमार बंसोड़, इंस्ट्रूमेंटेशन से रमाकांत, सीएमएम से प्रकाश कुमार, रेल एंड स्ट्रक्चरल मिल से अनिल कुमार सिंह, सिंटर प्लांट-3 से उदय राम बांगडे, जल प्रबंधन विभाग से बीएस भुट्टा, ट्रांसपोर्ट एंड डीजल ऑर्गेनाइजेशन से अनिल कुमार मिंज, सूर्यकांत, राम नारायण वर्मा, पर्सनल मैनेजमेंट से कौशल कुमार साहू, रिफ्रैक्टरीज इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट-1 से वीरेंद्र कुमार गुप्ता, कोक ओवन एंड कोल केमिकल विभाग से अनूप दास महंत, स्टोर्स से रविंद्र कुमार कर्मकार, मशीन असेंबली एंड री इंजीनियरिंग शॉप-1 से वी कनक राव, मर्चेंट मिल से अरुण कुमार और रिसर्च एंड कंट्रोल लैब से वी जी उन्नीकृष्णन उपस्थित थे।

## छात्रा निर्वाना को साहित्य के लिए इंडो-ग्लोबल एक्सीलेंस अवार्ड



**भिलाई।** रूंगटा पब्लिक स्कूल की छात्रा निर्वाना अग्रवाल ने ज़ाबील लेडीज़ क्लब, डाउनटाउन दुबई में आयोजित 15वीं वैश्विक प्रतियोगिता और भारतीय कला और संस्कृति महोत्सव, अंतर्राष्ट्रीय सांस्कृतिक सद्भाव - देश राग में अपनी अविश्वसनीय प्रतिभा का प्रदर्शन किया। नृत्यधाम कला समिति की राखी रॉय द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में 133 प्रतिभागियों ने भाग लिया। निर्वाना ने मोहे रंग दो लाल गीत पर अपने सुंदर प्रदर्शन से अर्ध-शास्त्रीय नृत्य श्रेणी में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दूसरा स्थान अर्जित किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अमरीन शेख ने प्रतिभागियों की भारतीय कला और संस्कृति के प्रति समर्पण के लिए प्रशंसा की। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए निर्वाना को प्लाक ऑफ ऑनर और कला सृजन सम्मान से सम्मानित किया गया। निर्वाणा को मलेशिया के कुआलालंपुर के सेरी पैसिफिक होटल में आयोजित इंडो-ग्लोबल शिखर सम्मेलन और पुरस्कारों में साहित्य में विशेष प्रतिभा के लिए इंडो-ग्लोबल उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया गया। निर्वाना ने अपने लेखन के जरिए न सिर्फ अपने सपनों को साकार किया बल्कि युवाओं के लिए प्रेरणा भी बनीं। एसआरजीआई के अध्यक्ष संजय रूंगटा ने निर्वाना की इस उपलब्धि के लिए उन्हें और ही उनके पूरे परिवार को बधाई दी। निर्देशक डॉ. जवाहर सुरी सेठी ने प्रशंसा करते हुए कहा निर्वाना का रचित प्रकाशन साहित्य जगत के लिए एक अमूल्य योगदान है। स्कूल के प्राचार्य राजीव कुमार, उप प्राचार्या अनंदिता राय चौधरी ने भी बधाई दी है।



● भारतीत डाक विभाग की अनोखी पहल, पुराने डाक टिकट अवलोकन के लिए रखे गए, विजेता प्रतिभागियों को मिलेगा सम्मान

# डाक टिकटों में झलका देश-दुनिया का इतिहास, सब रह गए आश्चर्यचकित

# 32 प्रतिभागियों की संकलित टिकटों की प्रदर्शनी का आज अंतिम दिन

डाक टिकटों को इतिहास का आईना कहा जाता है। शुक्रवार को इस आईने में इतिहास की झलक देख हर कोई चकित था। कला मंदिर सिविक सेंटर में डाक विभाग द्वारा लगाई गई इस प्रदर्शनी को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। संभाग आयुक्त सत्यनारायण राठौर ने इसका उद्घाटन किया। दो दिन तक चलने वाली इस प्रदर्शनी का 22 फरवरी को समापन होगा। डाक टिकटों में अहिंसा के पुजारियों को देख उनकी निगाह ठहर गई। उस सूची में महात्मा गांधी, जॉन एफ कैनेडी, विनोवा भावे, भगवान बुद्ध की तस्वीरें देख चकित रह गए।

**भिलाई।** प्रदर्शनी में भारतीय इतिहास की झलक दिखी। अंग्रेजों से मुक्ति के बाद 15 अगस्त 1947 को अशोक स्तंभ, तिरंगा और वायुयान पर तीन डाक टिकट जारी हुए थे। इन पर पहली बार देवनागरी लिपि में जय हिंद लिखा गया था। इससे पहले टिकटों पर हिन्दी का प्रयोग नहीं होता था। रानी लक्ष्मीबाई, मदर टेरेसा, भारत-जापान की मित्रता, ताजमहल के साथ मधुबाला की झलक डाक टिकटों में नजर आई। कई अन्य ऐतिहासिक घटनाओं का जिक्र डाक टिकटों में देखने को मिला।

भारतीय डाक विभाग दुर्ग संभाग को ट्विनसिटी पेक्स- 2025 नाम दिया गया था। कार्यक्रम में दिनेश कुमार मिस्त्री डाक सेवाएं छत्तीसगढ़ परिमंडल रायपुर, बीएल जांगड़े प्रवर अधीक्षक दुर्ग, सुरेश राव फिलाटेलिस्ट एवं अन्य वरिष्ठ डाक टिकट संग्रहक, अधिकारी, कर्मचारी एवं स्कूली बच्चे मौजूद थे। इस आयोजन में वरिष्ठ वर्ग से 12, कनिष्ठ वर्ग से 13 और आमंत्रित वर्ग से 7 प्रतिभागियों के फिलाटेली डाक टिकट के संग्रह की प्रदर्शनी लगाई गई थी। प्रदर्शनी में देश-विदेश के दुर्लभ डाक टिकटों को आम नागरिकों के लिए प्रदर्शित किया गया। इस कार्यक्रम में महादेव मंदिर देवबलोदा चरोदा दुर्ग पर विशेष आवरण का विमोचन और विरुपण किया गया। विमोचन के माध्यम से देवबलोदा के धार्मिक महत्व को आम लोगों तक पहुंचाने का डाक विभाग ने सफल प्रयास किया।कार्यक्रम में केंद्रीय विद्यालय दुर्ग, डीपीएस रिसाली, सेजस चरोदा, एमजीएम स्कूल सेक्टर 6, इंदिरा गांधी हायर सेकंडरी विद्यालय सुपेला के लगभग 200 विद्यार्थी मौजूद थे, जिन्होंने पुरानी और ऐतिहासिक टिकटों का अवलोकन किया।



### फिलाटेली क्विज प्रतियोगिता का भी किया गया आयोजन

इस अवसर पर फिलाटेली क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दीनदयाल स्पर्श योजना वर्ष 2024-25 के अंतर्गत चयनित 30 प्रतिभागियों को 6 हजार रुपए की छात्रवृत्ति एवं पुरस्कार से सम्मानित किया गया। 12 फरवरी को फिलाटेली पेंटिंग, ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, जिसमें विभिन्न स्कूलों के लगभग 250 विद्यार्थियों ने भाग लिया था।14 फरवरी को फिलाटेली पर वर्कशॉप का आयोजन किया गया था, जिसमें विभिन्न स्कूलों के लगभग 60- 70 विद्यार्थियों ने वर्कशॉप में शामिल होकर फिलाटेली पर जानकारी प्राप्त किया।







### गजल गायक प्रभंजुय चतुर्वेदी ने दी प्रस्तुति

इस अवसर पर गज़ल गायक प्रभंजय चतुर्वेदी ने गजल व भजन की प्रस्तुति दी। मुख्य अतिथि सत्यनारायण राठौर, दिनेश कुमार मिस्त्री व एस सुरेश राव ने आयोजन से जुड़ी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि डाक टिकट प्रदर्शनी का आयोजन विद्यार्थियों व आम नागरिकों के मध्य फिलाटेली के प्रचार-प्रसार व संवर्धन हेतु नया एवं आधुनिक आयाम है। इसका मुख्य उद्देश्य फिलाटेली जैसे शौक के प्रति विशेष रूचि जागृत करना, उनके संग्रहण को आम जनता के मध्य प्रदर्शित करने हेतु सुसज्जित मंच प्रदान करना एवं फिलाटेली संबंधी जानकारी प्रदान कर राज्य व राष्ट्रीय स्तर की नई पृष्ठभूमि तैयार करना है।

## बीआईटी में ग्रीन एनर्जी स्किल डेवलपमेंट सेंटर खुला

**भिलाई।** सतत ऊर्जा और हरित तकनीकों के प्रति बढ़ती जागरूकता को ध्यान में रखते हुए भिलाई इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी दुर्ग के इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग में ग्रीन एनर्जी स्किल डेवलपमेंट सेंटर की स्थापना की गई। इस अत्याधुनिक केंद्र का उद्घाटन संस्थान के प्राचार्य डॉ. अरुण अरोरा ने किया। समारोह में सम्मानित संकाय सदस्य डॉ. अनूप मिश्रा, वरिष्ठ प्रोफेसर, डॉ. सुरेखा भुसनूर, ईईई विभागाध्यक्ष और समन्वयक स्टार्ट-अप क्लब, डॉ. पवन पटनायक, आईआईसी संयोजक, डॉ. अभिषेक वर्मा, डॉ. मुकेश चंदाकर, अभिषेक अग्रवाल, अभिजीत लाल, ब्रह्मानंद ठाकुर, नौशीन अंजुम, रितु त्रिपाठी, डॉ. चैताली चौधरी और स्काईस्किल अकादमी से इंजीनियर अमिया कुमार नायक, बी. कनकवीरा रेड्डी मौजूद थे।

### स्टूडेंट्स को दिया गया तीन दिवसीय प्रशिक्षण

इस अवसर पर स्टूडेंट्स को तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। ग्रीन एनर्जी एप्लीकेशंस एक सतत भविष्य की ओर विषय पर यह आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान स्काईस्किल अकादमी के साथ मिलकर डॉ. अनुपम अग्रवाल, डॉ. हीना मिश्रा, डॉ. अनूप मिश्रा, मौसम शर्मा ने छात्रों को सौर ऊर्जा उत्पादन, ऊर्जा भंडारण, वितरण प्रणाली और ई-वाहन प्रबंधन



से जुड़ी नवीनतम तकनीकों की जानकारी दी। ग्रीन एनर्जी स्किल डेवलपमेंट सेंटर की विशेषता बताई। बताया गया कि इसमें

नवीनतम सौर पैनल, इन्वर्टर, ऊर्जा भंडारण प्रणाली और मॉनिटरिंग टूल्स से सुसज्जित अत्याधुनिक प्रयोगशाला उपलब्ध हैं। छात्र एवं शिक्षक मिलकर नवाचार कर सकेंगे। रोजगार सृजन और स्टार्टअप्स को बढ़ावा देने के उद्देश्य से व्यावसायिक प्रशिक्षण मिलेगा।

## संकट मोचन शिव मंदिर सूर्य नगर में देव स्थापना समारोह 22 फरवरी से



**दुर्ग।** सूर्य नगर डिपरापारा स्थित संकट मोचन शिव मंदिर में देव पूजा और स्थापना समारोह 22 से 26 फरवरी के मध्य आयोजित है। आयोजन में विधायक गजेंद्र यादव, स्थानीय पार्षद गुलाब वर्मा और पूर्व पार्षद पुष्पा वर्मा प्रमुख रूप से मौजूद रहेंगे। आयोजन समिति के पवन साहू न बताया कि 22 फरवरी को कार्यक्रम की शुरुआत होगी। पहले दिन आव्हान पूजना होगा। 23 फरवरी को सुबह 9 बजे कलश यात्रा नगर भ्रमण के लिए निकाली जाएगी। 24 फरवरी को देव पूजा और स्थापना का कार्यक्रम होगा। 25 फरवरी को शाम 4 बजे वेदी निर्माण और पूजन होगा। 26 फरवरी की सुबह 9 बजे भगवान भोलेनाथ की सपरिवार प्राणप्रतिष्ठा और रूद्राभिषेक होगा। दोपहर 1 बजे से विशाल भंडारा आयोजित है। दोपहर 2 बजे से उमाशंकर मानस मंडली द्वारा रामायण का पाठ होगा। आयोजन में मंदिर समिति के सदस्यों के अलावा वार्डवासी मौजूद रहेंगे।

वधु पक्ष रात साढ़े 8 बजे दुर्गा मैदान खुर्सीपार में करेगा स्वागत, इसके बाद प्रीतिभोज

# 26 को इंदिरा नगर हथखोज से निकलेगी बाबा की बारात, देश के अलग-अलग कोने से आई झांकियां रहेंगी आकर्षण, रात में पाणिग्रहण

**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** बोल बम सेवा एवं कल्याण समिति द्वारा प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी महाशिवरात्रि पर 26 फरवरी को भोले की बारात निकाली जाएगी। इसकी तैयारी जोरों से चल रही है। 26 फरवरी की शाम से लेकर रात तक कई आयोजन होंगे। समिति के अध्यक्ष व भिलाई निगम के उप नेता प्रतिपक्ष दया सिंह ने कहा कि लोगों में भारी उत्साह और उमंग है। महिलाएं कार्ड बांटने के लिए डोर-टू-डोर पहुंच रही हैं। खुर्सीपार इलाके में कार्ड वितरण किया जा रहा है। जोन-1, जोन-2, जोन-3 इलाके के घर-घर और सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में बाबा की बारात का आमंत्रण दिया गया है। कैंप के अलावा टाउनशिप, सुपेला, आकाशगंगा, नेहरू नगर, स्मृतिनगर, दुर्ग, भिलाई-3 चरोदा, कुम्हारी, पाटन, उतई, अहिवारा समेत आसपास इलाकों में कार्ड वितरण किया जा चुका है। 30 हजार से ज्यादा आमंत्रण पत्र बांटे जाने का लक्ष्य रखा गया है। इस अवसर पर आयोजन समिति के राकेश प्रसाद, प्रमोद सिंह, विजेंद्र मिस्त्र, प्रशांत कुमार, गौरव गोरघाटे ,रंजीत सिंह ढिलन,प्रदीप सोनी, रोकी साहू, बेनू साहू, आशीष चंद्राकर, प्रदीप वर्मा संतोष चौहान, ओम प्रकाश सिंह, श्रीधर राव मौजूद थे।



### बाबा की बारात के लिए मांगलिक कार्यक्रमों का शेड्यूल किया जारी

आयोजन को लेकर मांगलिक कार्यक्रम का पूरा शेड्यूल इस बार जारी किया गया है। सुबह साढ़े 11 बजे इंदिरा नगर हथखोज से बारात निकलेगी। शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए यह रात करीब साढ़े 8 बजे दुर्गा मैदान जोन-2 खुर्सीपार में बारात का स्वागत वधु पक्ष द्वारा किया जाएगा। इसके बाद प्रीतिभोज होगा। रात में शुभ लग्न में पाणिग्रहण होगा। 23 फरवरी को संगी संध्या शहनाज अख्तर भजन सम्राट की प्रस्तुति देंगी। यह कार्यक्रम जोन-2 दुर्गा मैदान में शाम 7 बजे से आयोजित होगा।

### बाबा की बारात में देखने को मिलेंगी ये झांकी...

बारात में आंध्रप्रदेश श्रीकाकुलम नवदुर्गा अधोरत लोकनृत्य के कलाकारों द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। महादेव आर्ट ग्रुप हरियाणा, अघोर श्मशान महाकाल की प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रहेगी। केरल से आने वाले कलाकारों द्वारा हनुमान भगवान के विशाल रूप, हंश पक्षी, नृत्य, शिव भगवान का बूढ़ा नृत्य होगा। भजन सम्राट दूकालु यादव प्रस्तुति देंगे। जबलपुर की 11 विशाल झांकीयां भोले बाबा के दूल्हे के रुप में दर्शन देंगी। समुन्द्र मंथन करते हुए देव दानव नजर आएंगे। बस्तर का कोया नृत्य की 40 लोगों के टीम द्वारा प्रस्तुति होगी। प्रकाश वैष्णव आर्ट राजनांदगांव व चिखली द्वारा भोलेनाथ द्वारा विषपान करते हुए नीलकंठ स्वरुप मनमोहक झांकी प्रस्तुत की जाएगी।

### पाताल लोक के नाग लोक के होंगे दर्शन नरसिंह अवतार की भी झांकी

बारात में कृष्ण नरकासुर वध 35 फीट की झांकी, पताल लोक में नाग लोक के दर्शन होंगे। नरसिंह अवतार की विशाल झांकियां, राम दरबार कृष्णलीला, गणेश का जन्म दिवस मनाती झांकी, बस्तर की भव्य मनमोहक प्रस्तुति शामिल होगी। 21 झांकियों में 4000 से ज्यादा लोग राम रावण, विभीषण, भूत, पिसाच, राक्षस, ठारा बाबा की बारात में नाचते गाते नजर आएंगे। उत्तर प्रदेश की अखाड़ा टीम, पंजाब से भांगड़ा भी बाबा की बारात में शामिल होंगे।

सिटी इवेंट

## कुलसचिव डॉ. राठिया ने संभाला पदभार, पुराने को दी विदाई



**भिलाई।** वासुदेव चन्द्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय अंजोरा में डॉ. बीपी राठिया संयुक्त संचालक पशुधन विकास विभाग छत्तीसगढ़ शासन ने कुलसचिव का कार्यभार ग्रहण किया। इसके पूर्व वे जीव जन्तु कल्याण बोर्ड में संयुक्त संचालक के पद पर कार्यरत थे। डॉ. आरके सोनवणे पूर्व कुलसचिव को जीव जन्तु कल्याण बोर्ड में संयुक्त संचालक पद पर स्थानान्तरित किया गया है।डॉ. सोनवणे की विदाई एवं नवनियुक्त कुलसचिव डॉ. राठिया के स्वागत समारोह में शाल, श्रीफल, पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कुलपति डॉ. आरआरबी सिंह, निदेशक अनुसंधान डॉ. जीके दत्ता, मा्स्यियकी महाविद्यालय कवर्धा के अधिष्ठाता डॉ. एसएल अली, वित्त अधिकारी ममता अवस्थी, पशुचिकित्सा महाविद्यालय बिलासपुर के अधिष्ठाता डॉ. किशोर मुखर्जी, डॉ. एस. पाल, डॉ. धीरेन्द्र भोंसले, डॉ. एमके गेंदले, डॉ. नितिन गड़े, डॉ.दिलीप चौधरी, संजीव जैन सहित अन्य उपस्थित थे। कुलपति डॉ. सिंह ने कहा कि डॉ. सोनवणे शांत प्रवृत्ति एवं सज्जन व्यक्तत्वि के धनी व्यक्ति हैं। उन्होंने प्रतिशोध की भावना से कार्य नहीं किया। कार्य करने का अनुभव बहुत अच्छा था, आपका योगदान अतुलनीय है। कार्यक्रम का संचालन उपकुलसचिव डॉ. एमके गेंदले एवं धन्यवाद डॉ. आरसी रामटेके ने ज्ञापित किया।

■ पूर्व कुलसचिव डॉ. आरके सोनवणे का जीव जन्तु कल्याण बोर्ड में संयुक्त संचालक पद पर स्थानांतरण



समाज इवेंट

## साई मंदिर पहुंचे नवनिर्वाचित पार्षद, समिति ने किया सम्मान



**दुर्ग।** दुर्ग नगर निगम चुनाव में पचरीपारा वार्ड क्रमांक-28 से भाजपा प्रत्याशी ममता ओमप्रकाश सेन और सुराना कॉलेज वार्ड क्रमांक-40 से भाजपा प्रत्याशी सरिता विनोद चंद्राकर ने जीत हासिल की है। जीत उपरांत नवनिर्वाचित पार्षद सिविल लाईन कसारीडीह स्थित श्री साई बाबा मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने श्री साई बाबा की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया एवं शहरवासियों के सुख-समृद्धि के लिए कामना की। इस दौरान श्री साई मंदिर समिति के पदाधिकारियों द्वारा नवनिर्वाचित भाजपा पार्षद ममता सेन और सरिता चंद्राकर को जीत पर बधाई दी गई और उन्हें पुष्पगुच्छ व शाल-श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। पचरीपारा वार्ड क्रमांक-28 की नवनिर्वाचित पार्षद ममता सेन पूर्व पार्षद एवं श्री साई मंदिर समिति के कार्यकारिणी सदस्य ओमप्रकाश सेन (राकेश) की पत्नी है। उनकी जीत से साई मंदिर के सदस्यों में खुशियों का माहौल है। श्री साई मंदिर समिति के पदाधिकारियों द्वारा नवनिर्वाचित पार्षद ममता सेन व पूर्व पार्षद ओमप्रकाश सेन के निवास स्थान पहुंचकर भी जीत की बधाई दी गई है। नवनिर्वाचित पार्षद सरिता चंद्राकर सुराना कॉलेज वार्ड से पार्षद निर्वाचित हुई है। श्री साई मंदिर सुराना कॉलेज वार्ड अंतर्गत आता है। जिससे पार्षद सरिता की जीत से वार्ड में उत्साह का माहौल है।

■ पार्षदों ने शहरवासियों की सुख-समृद्धि के लिए श्री साई बाबा से की कामना

नवनिर्वाचित पार्षद द्वय के स्वागत-सम्मान के दौरान श्री साई मंदिर समिति के अध्यक्ष श्रीकांत समर्थ, सचिव धनेन्द्र सिंह चंदेल, कोषाध्यक्ष सुजीत गुप्ता, प्रचार सचिव सुरेश साहू, भाजपा नेता सतीश समर्थ, नारायणदत्त तिवारी, पूर्व पार्षद ओमप्रकाश सेन, भाजपा नेता विनोद चंद्राकर के अलावा श्री साई मंदिर के अन्य सदस्य व श्रद्धालू मौजूद रहे।



● आनंद सरोवर बघेरा में निर्मित चैतन्य झांकी ने लोगों का अपनी तरफ ध्यान खींचा

# 45 फीट ऊंचे शिवलिंग का हर दिन दुग्धाभिषेक, अयोध्या के रामलला दर्शन को पहुंच रहे भक्त, 27 फरवरी तक होंगे दर्शन

**दुर्ग।** प्रजापिता ब्रह्मकुमारी संस्थान द्वारा आनंद सरोवर बघेरा में तैयार 45 फीट ऊंचे शिवलिंग और अयोध्या के रामलला मंदिर की चैतन्य झांकी देखने हर दिन बड़ी संख्या में भक्त पहुंच रहे हैं। दो दिन में ही सैकड़ों भक्त दर्शन को पहुंच चुके हैं। शहर में यह पहला मौका है कि अयोध्या के राममंदिर की छवि चैतन्य झांकी के माध्यम से बनाई गई है। शुक्रवार को भी प्रांगण में सैकड़ों की संख्या में लोग सुबह से पहुंचने लगे। दुर्ग के अलावा आसपास के जिलों और ग्रामीण क्षेत्रों से लोग दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। बता दें कि इस आयोजन को मेले का रूप दिया गया है, जहां बच्चों को आध्यात्मिक चित्र प्रदर्शनी के माध्यम से मूल्य निष्ठ की जानकारी प्रदान की जा रही है। प्रतिदिन सुबह 6 बजे से दोपहर 1 बजे और शाम को 5 बजे से रात 10 बजे तक लोग इस मेले में शामिल हो सकते हैं। आनंद सरोवर में अपने तरह का यह पहला आयोजन है, जहां राममंदिर के दर्शन कराए जा रहे हैं, इतना ही नहीं भगवान राम की हूबहू प्रतिमा भी स्थापित की गई है, जहां विधिवत पूजा-अर्चना की जा रही है। 27 फरवरी तक प्रदर्शनी लगाई गई है।



### शिक्षाप्रद खेल के माध्यम से बच्चों को दी जा रही जीवनोपयोगी जानकारी

आध्यात्मिक चित्र प्रदर्शनी एवं बच्चों के लिए मूल्यनिष्ठ शिक्षाप्रद खेल का आयोजन भी इस मेले में होगी। इस मेले को लेकर पूरे शहर को आमंत्रित किया गया है। इसके अलावा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी लोग दर्शन के लिए पहुंचने वाले हैं। आयोजन में शैक्षणिक संस्थाओं के विद्यार्थी भी शामिल होंगे। अपने तरह का यह पहला आयोजन होने जा रहा है। द्वादश ज्योर्तिलिंग के होंगे दर्शन, मूल्य आधारित गेम्स भी खिलाए जा रहे हैं। मेले में उक्त झांकी का उद्देश्य स्पष्ट करते हुए रूपाली बहन ने बताया राम हम सभी के आदर्श हैं। उनके जीवन की यह विशेषता रही। उनके जीवन में जो भी नकारात्मक बातें आई, लेकिन उसके प्रति वह सदा सकारात्मक दृष्टिकोण रखे और और सदैव मर्यादा मे चलने के कारण मर्यादा पुरुषोत्तम बन समाज के लिए आदर्श बने।

### 9 दिनों तक आध्यामिक मेला, राजयोग के बारे में भी जानकारी

दुर्ग शहर में प्रथम बार प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के बघेरा स्थित आनंद सरोवर के विशाल प्रांगण में 9 दिनों तक शिव दर्शन आध्यात्मिक मेला का आयोजन किया जा रहा है। मेले को लेकर संस्थान प्रमुख रीटा बहन ने बताया कि इस मेले में अयोध्या के राम मंदिर की चैतन्य झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र है। झांकी को बनाने के लिए विशेष रूप से कोलकाता से अपनी सेवाएं देने के लिए लोग आए हैं। इस आयोजन में संस्था के 20 से 25 सदस्य प्रतिदिन सहयोग प्रदान कर रहे हैं। इस मेले में पहली बार अयोध्या के राम मंदिर की झांकी लगाई जा रही है। ताकि जो लोग अयोध्या दर्शन नहीं कर पाए हैं, उन्हें इसकी अनुभूति हो। इसके अलावा इस झांकी में 45 फीट ऊंचा शिवलिंग जो कि दिल्ली से आया हुआ है, शिवलिंग में अनोखा निरंतर दुग्धाभिषेक, ध्यान मग्न अवस्था में शंकर की चैतन्य झांकी आकर्षण का केंद्र है।

### 26 फरवरी को शिवरात्रि में रहेगा मुख्य आकर्षण, पूरे दिन कार्यक्रम





26 फरवरी को शिवरात्रि है, इस दिन प्रांगण में मुख्य आकर्षण रहेगा। इस दिन शहर के सभी प्रतिष्ठितजन कार्यक्रम में शामिल होंगे। ध्यान साधना के बीच शिवरात्रि का उत्सव मनाया जाएगा। राममंदिर अयोध्या की तर्ज पर तैयार पंडाल के करीब ही 45 फीट ऊंचा शिवलिंग भी तैयार किया गया है। इसमें नियमित रूप से दुग्धाभिषेक के इंतजाम किए जा रहे हैं। आध्यात्मिक चित्रकारी की प्रदर्शनी भी लगाई गई है। आयोजन स्थल में द्वादश ज्योर्तिलिंग के भी दर्शन होंगे। इसके अलावा मूल्य आधारित गेम्स भी खिलाए जाएंगे। इसमें मेडिटेशन, राजयोग इससे होने वाले फायदे के बारे में भी जानकारी दी जाएगी। शिव-शंकर की चैतन्य झांकी भी आकर्षण का केंद्र रहेगी। महाशिवरात्रि के दिन आनंद सरोवर सुबह 5 बजे से रात को 12 बजे दर्शन के लिए खुला रहेगा।

जयंती पर कार्यक्रम

## गजानन महाराज का फूलों से अभिषेक हवन-पूजन के साथ हुआ विजय ग्रंथ का पाठ





**भिलाई।** गजानन महाराज प्रगट उत्सव धूमधाम से मनाया गया। श्रद्धा सुमन साईबाबा मंदिर हाउसिंग बोर्ड महिला मंडल ने इस अवसर पर अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन किया। सुबह गजानन महाराज का अभिषेक फूलों से किया गया। फूलों से श्रृंगार कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। पंडित प्रियांशु ने हवन पूजन और अन्य संस्कार संपन्न कराए। गजानन महाराज का विजय ग्रंथपाठ मंदिर समिति की महिलाओं ने पढ़ा। इस अवसर पर गजानन का स्मरण कर उनकी जीवन की गाथा सुनाई। उनके कार्यों, भक्ति मार्ग पर चलने का संदेश दिया गया। महिलाओं द्वारा हरिपाठ भजन कीर्तन की प्रस्तुति दी गई। गजानन महाराज के मंत्रों का जाप पूरे दिन चला। आयोजक विशाल भारती देशमुख और उषा क्षीरसागर ने गजानन के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि संत गजानन हमेशा एक ही मंत्र बोला करते थे, जिसका इस दिन जाप करना चाहिए।

### झुणका भाकर का लगाया गया भोग, महत्ता भी बताई

वांथ का पाठ पूरा हो जाने पर गजानन महाराज के लिए झुणका भाकर यानी बेसन और ज्वार की रोटी का भोग लगाया गया। उनके प्रकट दिवस के अवसर पर घर-घर इसी का नैवेद्य लगाया जाता है। साथ ही देश भर के श्री गजानन महाराज के मंदिरों में महाप्रसाद का आयोजन किया जाता है, जिसे भक्त ग्रहण करते हैं। आयोजन में गोपाल काला का प्रसाद बंटा। इसका विशेष महत्व माना गया है। इसे दही, शक्कर, नारियल के दाने, फल, नीबू आदि मिश्रण से तैयार किया जाता है। इसमें भगवान ने संदेश दिया है कि अपने जीवन में सब मिल जुलकर रहें। गरीब हो या अमीर सब मिलकर यह प्रसाद ग्रहण करें। भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को उन्होंने ली। इस अवसर पर प्रशांत कुमार क्षीरसागर ने शेगांव में स्थापित भव्य मंदिर की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 8 सितंबर 1910 को महाराज ने समाधि ली थी।

करंजा भिलाई नर्सरी में शैक्षणिक भ्रमण

## स्टूडेंट्स ने जाना फलों और सब्जियों के बीजों को, नए प्रयोगों से हुए अवगत




**भारती विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने किया पौधशाला का शैक्षणिक भ्रमण**

**दुर्ग।** भारती विश्वविद्यालय के वनस्पति शास्त्र विभाग द्वारा पौधशाला पीवीआर नर्सरी करंजा भिलाई में शैक्षणिक भ्रमण किया गया। इसके अंतर्गत नर्सरी के विभिन्न प्रकार के सजावटी, औषधीय, माँसल, फलदार सब्जियां, काष्ठिय एवं अनेक प्रकार के बीज रहित फलों के पौधों के बारे में विद्यार्थियों को प्रायोगिक उद्देश्य से जानकारी प्रदान की गई। शैक्षणिक भ्रमण का उद्देश्य नर्सरी की कार्यप्रणाली को समझना तथा विद्यार्थियों को आधुनिक वनस्पति तकनीकों एवं कृषि सुधारों से अवगत कराना था। विद्यार्थियों ने नर्सरी में ग्राफ्टिंग की प्रक्रिया, बेहतर पौधों के उत्पादन के लिए नवीन तकनीकों, बीज पैकिंग एवं अंकुरण की प्रक्रिया के साथ-साथ रोग मुक्त पौधे और ड्वार्फ पौधे बनाने की प्रक्रिया सीखी। आयोजन में नर्सरी के संस्थापक विपुल परमार का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में प्राध्यापकगण डॉ. आकांक्षा जैन, युक्ति नोन्हारे, रोशन नोन्हारे आदि मौजूद थे।

### मोनिका को डॉक्टरेट की मानक उपाधि



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ की मोनिका रूसिया को उनके द्वारा साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान एवं कार्यों के लिए भारत सरकार द्वारा अधिकृत एवं पंजीकृत एमबीआर यूनिवर्सिटी हरियाणा ने डॉक्टरेट अवार्ड से सम्मानित किया है। समारोह में डॉ. एमपी सिंह एमबीआर चेयरमैन, डॉ. एसके रोहिल्ला पूर्व निदेशक मेवाड़ विश्वविद्यालय, पुरुषोत्तम सैनी डीटीओ हरियाणा सरकार, विजेंद्र सिंह जिला रेडक्रॉस सचिव सोरोत उपस्थित थे। डॉ. मोनिका रूसिया की कृतियों में लघुकथा संग्रह, उपन्यास, काव्य संग्रह, कहानी संग्रह, बालकहानी संग्रह प्रकाशित हो चुके हैं। करीब 18 साझा संग्रह, जिनमें पाँच विश्व रिकॉर्ड कीर्तिमान स्थापित पुस्तकें भी शामिल हैं, प्रकाशित हो चुके हैं।

कल्याण कॉलेज में विश्व मातृभाषा दिवस पर बताई गई भाषाओं की महत्ता

## अंग्रेजी भले ही वैश्विक भाषा लेकिन हिंदी के बिना चल पाना संभव नहीं, एआई और गूगल पर भी मंथन

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** शिक्षाधानी भिलाई के सेक्टर-7 स्थित कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शुक्रवार को विश्व मातृभाषा दिवस' मनाया गया। कॉलेज के हिंदी विभाग के निर्देशन में हुए आयोजन में विभिन्न भाषा और भाषायी क्षेत्र से संबंध रखने वाले प्राध्यापकों ने अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान सभी ने एक सुर में भारत की आंचलिक भाषाओं की महत्ता को रेखांकित किया। कल्याण कॉलेज के हिंदी डिजिटल कक्ष में आयोजित कार्यक्रम में सबसे पहले हिंदी विभाग के अध्यक्ष और वरिष्ठ भाषाविद डॉ. सुधीर शर्मा ने अपनी मातृभाषा छत्तीसगढ़ की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने 21वीं सदी के उन्नत और प्रोन्नत एआई और गूगल जैसे शीर्ष तकनीक से होने वाले लाभों को सारगर्भित ढंग से प्रकाश डाला। अंग्रेजी विभाग के अध्यक्ष डॉ. अनुराग पाण्डेय ने कहा कि अंग्रेजी जरूर वैश्विक भाषा है लेकिन हिन्दी के बिना चल पाना मुश्किल है।



### संगीत शास्त्र, भाषा और विज्ञान में है अंतर संबंध

राजनीति विज्ञान विभाग की अध्यक्ष डॉ. मणि मेखला शुक्ला ने बताया कि कैसे संगीत शास्त्र, भाषा और विज्ञान में अंतर संबंध है। समाजशास्त्र विभाग के अध्यक्ष डॉ. केएन दिनेश ने नई शिक्षा नीति में दी गई क्षेत्रीय और आंचलिक भाषाओं से भावी पीढ़ी को पढ़ने वाले सकारात्मक पहलुओं को इंगित किया। कार्यक्रम का संचालन कर रहे हिंदी विभाग के सहायक प्राध्यापक और कवि डॉ. अंजन कुमार ने एक पारिवारिक किस्से का उल्लेख करते हुए कहा कि मुझे दुख है, मलाल है कि मैं अपनी मातृभाषा से अनभिज्ञ हूं। इस वजह से मुझे शादी समारोह में रिश्ते में दामाद और दूल्हे से वार्तालाप ही नहीं कर पाया। उन्होंने विद्यार्थियों, सहायक प्राध्यापकों, शोधार्थियों और सहकर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप मोबाइल या अन्य डिजिटल माध्यम में हिन्दी को भी रोमन लिपि में लिखकर मैसेज भेजते हैं। उन्होंने कहा कि अंग्रेजी के अंकों तक की स्वीकार्यता तो ठीक है परंतु हिंदी में अगर लेखन हो रहा है या वार्तालाप कर रहे हैं तो आपको रोमन के बजाए देवनागरी लिपि का इस्तेमाल करना चाहिए।

### अपनी-अपनी भाषाओं को बढ़ावा देने लिया संकल्प



हिंदी विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ.फिरोजा जाफर अली ने आभार व्यक्त करते हुए उपस्थित जनों से अपनी-अपनी मातृभाषा को बढ़ावा देने, संवर्धन करने और भावी पीढ़ी तक संप्रेषित करने का अनुरोध किया गया। इस दौरान शिक्षा विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ.कविता वर्मा, सहायक प्राध्यापक अंशुल तिवारी, हिंदी विभाग की सहायक प्राध्यापक पूजा विश्वकर्मा, प्रियंका शर्मा, पूर्वा शर्मा, तारिणी, नेहा सहित अन्य प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक, शोधार्थी, विद्यार्थी और महाविद्यालय के कर्मचारी एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

## सिटी स्पोर्ट्स

### प्लेट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट में बस्तर के सौरभ ने लिए 5 विकेट



रायपुर। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ की ओर से सीनियर प्लेट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट मल्टी डे टूर्नामेंट 2024-25 का आयोजन 09 फरवरी से जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ की विभिन्न 14 टीमें भाग ले रही है। 21 से 23 फरवरी की श्रृंखला में पहले दिन 3 मैच खेले गये।

ग्रुप बी का तीसरा तीन दिवसीय मैच बस्तर एवं दंतेवाडा के मध्य धमतरी में खेला गया। बस्तर ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। दंतेवाडा ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 37 ओवरों में 10 विकटे के नुकसान पर केवल 84 रन बनाये। दंतेवाडा की ओर से सक्षम शर्मा ने सर्वाधिक 21 रन नाबाद बनाये। वहीं बस्तर की ओर से सौरभ मजूमदार ने 5 विकेट , उत्कर्ष ठाकुर तथा पलाश मंडल ने 2-2 विकेट प्राप्त किये।

पहले दिन की समाप्ति तक बस्तर ने अपनी पहली पारी में 51 ओवरों में 7 विकेट के नुकसान पर 243 रन बना लिये हैं। बस्तर की ओर से अनस खान ने 57 रन तथा आदित्य गुहा ने 44 रनों का योगदान दिया। दंतेवाडा की ओर से विजय कुमार ने 4 विकेट तथा अनूप सिंह ने 3 विकेट प्राप्त किये। पहले दिन की समाप्ति तक बस्तर ने 159 रनों की बढत बना ली है।

ग्रुप बी का चौथा तीन दिवसीय मैच राजनांदगांव एवं कांकेर के मध्य कांकेर खेला गया। कांकेर ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। राजनांदगांव ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 87.5 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 374 रन बना लिये हैं। राजनांदगांव की ओर से वैदिक मधुकर ने 90 रन तथा प्रतीक त्रिपाठी ने 79 रन बनाये। वहीं कांकेर की ओर से हर्ष यादव, अभिषेक कोर्राम, विवेक कुमार तथा शशांक नेताम ने 2-2 विकेट प्राप्त किए। पहले दिन की समाप्ति तक राजनांदगांव ने 374 रन बना लिये है।

ग्रुप डी का दूसरा तीन दिवसीय मैच कोरबा एवं धमतरी के मध्य दल्ली राजहरा में खेला गया। कोरबा ने टॉस जीत पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। धमतरी ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 83.3 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 288 रन बनाये। धमतरी की ओर से शशांक तिवारी ने सर्वाधिक 122 रन तथा खेमकरन फरीकार ने 119 रन बनाये। वहीं कोरबा की ओर से प्रतीक भारती एवं दुर्गेश साहु ने 3-3 विकेट प्राप्त किये। पहले दिन की समाप्ति तक कोरबा ने अपनी पहली पारी में 4 ओवरों में 1 विकेट के नुकसान पर 5 रन बना लिये हैं। पहले दिन की समाप्ति तक कोरबा 283 रनों से पीछे है।

### नेशनल सॉफ्टबॉल चैंपियनशिप में हिस्सा ले रही छत्तीसगढ़ टीम



रायपुर। 46 वीं सीनियर नेशनल सॉफ्टबॉल चैंपियनशिप का आयोजन अमरावती में 22 से 26 फरवरी तक किया जा रहा है । जिसमें भाग लेने छत्तीसगढ़ सॉफ्टबॉल दल 21 फरवरी को रायपुर से बडनेरा (अमरावती) के लिए रवाना हुआ।

दल के चयन हेतु 18 जनवरी को दुर्ग में तथा 01 फरवरी को रायपुर में चयन परीक्षण आयोजित किया गया था। तत्पश्चात 14 से 20 फरवरी तक रायपुर में प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया।

चयन परीक्षण से प्राप्त प्रारंभिक चयन सूची, प्रशिक्षण शिविर में खिलाड़ियों के कौशल प्रदर्शन एवं राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए खिलाड़ियों की उपलब्धता के आधार पर छत्तीसगढ़ सॉफ्टबॉल दल का गठन किया गया है।

पुरुष वर्ग–दुर्ग से वी मोहन राव,दीपक कंवर,मानस केसरवानी,मयंक राजपूत, पी आशीष, सुनील राज,सुशांत यादव, रायपुर से किशन महानंद, बीरू बाघ,गौरव डहरिया,मोहित ठाकुर, सारंगढ़ से सौरभ यादव, कबीरधाम से भूपेंद्र गढ़े, राजनांदगांव से नीलेंद्र पटेल, बेमेतरा से प्रिंस सिंह, मुंगेली से आर्यन ताम्रकार, प्रशिक्षक अमित कुमार वरु,सियाराम पटेल और मैनेजर चंद्रपुरी शेखर गोस्वामी शामिल हैं। वहीं महिला वर्ग–बीजापुर से ज्योति हेमला,विमल तेलम,रेणुका तेलम,चंद्रकला तेलम रायपुर से, प्रीति वर्मा , गंगा सोना,नेहा छुरा दुर्ग से चारू वर्मा,बरखा यादव,तामेश्वरी यादव,सोनाली साव, राजनांदगांव से कविता नेताम, कबीरधाम से कविता सिन्हा,गौरी जायसवाल, बेमेतरा से जानकी साहू, मुंगेली से करीना भास्कर, प्रशिक्षक भूपेंद्र कुमार साहू रायपुर, सोपान कर्णेवार बीजापुर और मैनेजर मृत्युंजय शर्मा बेमेतरा सम्मिलित है।

## हिचकियां देती हैं बहुत कुछ संकेत

# हमें लगातार क्यों आने लगती हैं हिचकियां इसकी वजह जान कर रह जाएंगे दंग

स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि डायाफ्राम की बार-बार होने वाली ऐंठन या अचानक होने वाली किसी समस्या के कारण आपको हिचकी आती है। डायाफ्राम वो मांसपेशी है जो आपकी छाती को पेट से अलग करती है।

आप भी कभी न कभी हिचकियों से जरूर परेशान रहे होंगे। आमतौर पर मान लिया जाता है कि जब कोई आपको याद कर रहा होता है तो हिचकियां आती हैं, पर क्या इस मान्यता को मेडिकल साइंस भी पुष्टि देता है? या फिर हिचकी आना किसी बीमारी का संकेत है? आम धारणाओं से इतर हिचकी आने की स्थिति को मेडिकल साइंस एक अलग तरीके से देखता है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि डायाफ्राम में बार-बार होने वाली ऐंठन या अचानक होने वाली किसी समस्या के कारण आपको हिचकी आती है। डायाफ्राम वो मांसपेशी है जो आपकी छाती को पेट से अलग करती है और सांस लेने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, आपके डायाफ्राम में ऐंठन के कारण कई बार वोकल कॉर्ड अचानक बंद हो जाते हैं, जिससे ₹हिच₹ ध्वनि उत्पन्न होती है। ये तो इसका एक कारण है ही साथ ही कई बार अधिक भोजन करने, शराब या कार्बोनेटेड पेय पीने या अचानक किसी उत्तेजना के कारण भी आपको हिचकी आ सकती है। कुछ मामलों में, हिचकी किसी अंतर्निहित चिकित्सा समस्या का संकेत हो सकती है।



### क्यों आती है हिचकी?



ज्यादातर लोगों में हिचकी केवल कुछ मिनटों तक ही रहती है और खुद से ही चली जाती है। हालांकि स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं अगर आपको लंबे समय तक हिचकी की दिक्कत बनी रहती है और ये ठीक न हो रही हो तो इस बारे में डॉक्टर से संपर्क जरूर कर लेना चाहिए।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं कई बार ज्यादा मसालेदार या गर्म भोजन करने से पेट में जलन और डायाफ्राम में ऐंठन हो सकती है जिसके कारण भी आपको हिचकी आती है। इसके अलावा अचानक तापमान में परिवर्तन, तनाव या घबराहट, गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल समस्याएं भी हिचकी का कारण बन सकती हैं।

### कहीं ये किसी गंभीर बीमारी का संकेत तो नहीं?

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, वैसे तो हिचकी आने को कोई बीमारी नहीं माना जाता है हालांकि कुछ गंभीर स्थितियों में हिचकी को इसका एक लक्षण जरूर देखा गया है इसलिए लंबे समय तक बनी रहने वाली हिचकी को अनदेखा नहीं करना चाहिए।

लंबे समय तक हिचकी आने का एक कारण वेगस या फ्रेनिक तंत्रिकाओं में होने वाली कोई क्षति या जलन की दिक्कत हो सकती है। ये तंत्रिकाएं डायाफ्राम की मांसपेशियों को ठीक रखने के लिए जरूरी मानी जाती हैं। आपकी गर्दन में थायरॉयड ग्रंथि या किसी सिस्ट के कारण तंत्रिकाएं प्रभावित हो सकती हैं, जिसपर ध्यान देते रहना और इलाज प्राप्त करना जरूरी हो जाता है।





# अपने बाजुओं को मजबूत बनाएं केबल पुश डाउन वर्कआउट से

अपनी बाजुओं को मजबूत करना लोगों का सपना होता है। आर्म्स का साइज बढ़ाने, इन्हें मजबूत और हैवी करने के लिए लोग एक्सरसाइज भी करते हैं। कुछ लोगों को बाइसेप्स और ट्राइसेप्स एक्सरसाइज करना भी पसंद होता है। पर्सनली बात करूं तो मुझे बाइसेप्स की एक्सरसाइज करना बिल्कुल पसंद नहीं है। इसलिए मैं हमेशा ट्राइसेप्स की एक्सरसाइज करना ही पसंद करता हूं। उनसे ही मेरे ट्राइसेप्स का साइज बढ़ गया है। ट्राइसेप्स की कई एक्सरसाइज हैं। जैसे, ट्राइसेप्स ओवरहेड एक्सटेंशन,स्कल क्रशर, टॉवेल पुलअप्स, बेंच डिप्स

इसी तरह ट्राइसेप्स की एक और अच्छी एक्सरसाइज का नाम है केबल पुश डाउन इसे करने से ट्राइसेप्स के मसल्स टोन होते हैं, ऑर्म के पीछे का फैट बर्न होता है और ट्राइसेप्स का शेप भी मिलता है। यहां आपको केबल पुश डाउन वर्कआउट / एक्सरसाइज क्या है, करने का सही तरीका, फायदे, सावधानी और गलतियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी जा रही है।

### केबल पुश डाउन एक्सरसाइज क्या है

ट्राइसेप्स केबल पुश डाउन एक्सरसाइज को पुशडाउन,केबल पुशडाउन, रोप पुशडाउन आदि नाम से भी जानते हैं। ट्राइसेप्स पुशडाउन कंपाउंड मोशन के बजाय एक



आइसोलेशन एक्सरसाइज है। यह ट्राइसेप्स को टारगेट करने के लिए अच्छी एक्सरसाइज है। ट्राइसेप्स पुशडाउन एक्सरसाइज ट्राइसेप्स ब्राची मसल्स को टारगेट करती है, जो कि प्राइमरी मसल्स होता है। इसके अलावा यह मसल्स आपके लेट्स (लैटिसिमस डोर्सी), एब्स (रेक्टस एब्डोमिनिस), ऑब्लिक, पेक्स (पेक्टोरलिस मेजर और पेक्टोरलिस माइनर) और ट्रैप्स (ट्रेपीजियस) मसल्स को भी एक्टिव रखती है, जो कि सेकेंडरी मसल्स के रूप में काम करते हैं।

### ट्राइसेप्स केबल पुश डाउन के लिए मशीन / इक्युपमेंट

केबल पुश डाउन एक्सरसाइज के लिए एक मशीन की जरूरत होती है, जिसे केबल पुली कहते हैं। यदि आप घर पर इस एक्सरसाइज को कर रहे हैं तो रेजिस्टेंस बैंड से भी कर सकते हैं।

### ट्राइसेप्स केबल पुश डाउन एक्सरसाइज के प्रकार

केबल पुश डाउन एक्सरसाइज करने के लिए केबल पुली मशीन ही एकमात्र सहारा होती है। लेकिन यदि आप इसमें वेरिएशन चाहते हैं तो सिंपल बार की जगह ई-जेड बार और वी-एंगल्ड बार का प्रयोग कर सकते हैं। यदि आप बिगिनर हैं तो पहले बेसिक से ही शुरुआत करें। जैसे ही सही पॉश्चर सीख जाएं तो आप अन्य वेरिएशन करें। ट्राइसेप्स केबल पुश डाउन एक्सरसाइज के प्रकार रस्सी पुशडाउन, रिवर्स ट्राइसेप्स पुशडाउन , आंशिक प्रतिनिधि ट्राइसेप्स पुशडाउन।



# जानिए रोटी और चपाती के बीच का फर्क, दोनों हैं अलग-अलग

आज भी बहुत से लोगों को रोटी और चपाती के बीच का फर्क नहीं पता। ज्यादातर लोगों को लगता है कि यह दोनों एक ही है, लेकिन आपको इन दोनों के बीच का अंतर जानना जरूरी है। बहुत से लोगों का यह मानना है कि रोटी को ही अंग्रेजी में चपाती कहा जाता है। लेकिन क्या आपको पता है कि रोटी और चपाती दोनों एक दूसरे से अलग हैं, रोटी को अंग्रेजी में चपाती नहीं कहा जाता है। दिखने में भले ही रोटी और चपाती एक समान दिखते हो, लेकिन इसे बनाने का तरीका और दोनों के नाम के पीछे खास इतिहास छिपा हुआ है।

### क्या है रोटी और चपाती में अंतर?

बता दें कि रोटी शब्द संस्कृत के रोटिका शब्द से लिया गया है। रोटिका का अर्थ है अनाज को पीसकर तवे पर सेंकी गई गोल चपटी टिकिया। तो चलिए जानते हैं, दोनों के बीच का अंतर...

चपाती बनाने के लिए आटा को गिला गूंथा जाता है। चपाती बनाने के लिए कभी भी चकला या बेलन का उपयोग नहीं किया जाता है, बल्कि दोनों हाथों में नरम लोई लेकर चपाती बनाया जाता है। दोनों हाथों को पीट-पीटकर चपाती को अच्छे से रोटी की तरह पतला किया जाता है और गोल आकार में बनाने के बाद तवे पर सेंक कर गरमा-गरम परोसा जाता है। वहीं इसके विपरीत रोटी का आटा सख्त गूंथा जाता है। सख्त आटा गूंथने के बाद, चकला, बेलन और



पलेथन की मदद से बेलकर तवे पर सेंका जाता है। चपाती के मुकाबले रोटी पतली होती है, जो आसानी से तवे और आग में फूल जाती है।

### कौन है ज्यादा फायदेमंद?

बनाने के तरीके को छोड़ दिया जाए तो रोटी और चपाती में खास और कोई अंतर नहीं है। दोनों ही गेहूं के आटे से बनाई जाती है, इसलिए रोटी और चपाती दोनों ही समान रूप से सेहत के लिए फायदेमंद है।

चपाती के आटा को गूंथने के लिए ज्यादा पानी का उपयोग किया जाता है, इसलिए इसमें ज्यादा पानी की मात्रा होती है, जो कि शरीर को हाइड्रेटेड रखने में मदद करती है। चूंकि यह रोटी से अधिक मोटा होता है, इसलिए इसे गैस के आंच में पकाया जाता है, जो सेहत के लिए नुकसानदायक हो सकता है। वहीं रोटी को तवे पर ही सेक कर तवे में ही फूलाया जाता है, इसलिए यह सेहत को नुकसान नहीं पहुंचाता।

# शाम ढलते ही करें ये काम, प्रसन्न होंगी मां लक्ष्मी और बढ़ेगी धन की आवक



यदि आप भी मां लक्ष्मी की कृपा पाना चाहते हैं तो शाम ढलने के बाद कुछ कार्य जरूर करें। शास्त्रों में सूर्योदय और सूर्यास्त के समय को बहुत ही महत्वपूर्ण माना गया है, क्योंकि यह दिन और रात का संधिकाल होता है। इस समय किए गए शुभ कार्य शीघ्र फलदायी माने जाते हैं।

मां लक्ष्मी धन की देवी हैं। जिन लोगों पर मां लक्ष्मी की कृपा होती है, उनके जीवन में कभी भी धन-धान्य की कमी नहीं होती है, इसलिए हर कोई मां लक्ष्मी को प्रसन्न करने और उनकी कृपा प्राप्त करने के लिए प्रयास करता रहता है। यदि आप भी मां लक्ष्मी की कृपा पाना चाहते हैं तो शाम ढलने के बाद कुछ कार्य जरूर करें। शास्त्रों में सूर्योदय और सूर्यास्त के समय को बहुत ही महत्वपूर्ण माना गया है, क्योंकि यह दिन और रात का संधिकाल होता है। इस समय किए गए शुभ कार्य शीघ्र फलदायी माने जाते हैं। चलिए जानते हैं कौन से वो काम हैं, जिन्हें शाम ढलने के बाद करने से मां लक्ष्मी प्रसन्न होती हैं...

### तुलसी की पूजा

तुलसी के पौधे को बहुत ही शुभ माना जाता है। जिन घरों में नियमित तुलसी की पूजा होती है वहां देवी लक्ष्मी की कृपा रहती है, इसलिए शाम के समय तुलसी की पूजा करें और तुलसी के पेड़ के नीचे दीपक जलाएं। इससे मां लक्ष्मी प्रसन्न होंगी और सुख समृद्धि का आशीर्वाद देंगी।

### कपूर जलाकर पूजा करें

जब शाम ढल रही हो उस समय कपूर जलाकर सभी कमरों में घुमाना चाहिए। साथ ही जलते कपूर को घर के मुख्य द्वार पर रखना चाहिए। इससे घर में जैसी भी नकारात्मक उर्जा होती है चली जाती है और घर में सुख शांति और लक्ष्मी का वास होता है।

### मुख्य द्वार पर रखें दीपक

शाम ढलने के बाद घर के मुख्य द्वार पर दीपक जलाकर रखना चाहिए, क्योंकि मुख्य द्वार से ही मां लक्ष्मी का घर में आगमन होता है।

## कार्नर न्यूज

## मनोचिकित्सक बता रही हैं बच्चों की इन हरकतों के पीछे की वजह


# स्कूलों में बच्चे करने लगते हैं अजीबो-गरीब व्यवहार मास हिस्टीरिया सहित बहुत से मनोवैज्ञानिक कारण

आपने भी अक्सर कई स्थानों पर अचानक से लोगों को बेसुध होकर झूमते देखा होगा, विशेषतौर पर पंडालों या फिर किसी मंदिर में। आमतौर पर इसे भूत-प्रेत के साये के तौर पर मान लिया जाता है, पर क्या वास्तव में ये 'ऊपरी साया' के कारण होने वाली समस्या है या फिर कोई मानसिक स्वास्थ्य की दिक्कत?

ऐसे ही मामलों को लेकर इन दिनों मध्यप्रदेश के शहडोल और उत्तर प्रदेश के कपिलवस्तु जिले का स्कूल काफी चर्चा में हैं। खबरों के मुताबिक स्कूल आते ही प्रांगण में होने वाली दैनिक प्रार्थना के दौरान एक-दूसरे को देख छात्र झूमने और अजीब व्यवहार करने लगते हैं। कपिलवस्तु जिले के स्कूल में बढ़े इस तरह के मामले को देखते हुए स्कूल को अस्थायी रूप से बंद करने तक का निर्णय लेना पड़ा। क्या वास्तव में ये भूत-प्रेत का साया है या फिर कुछ और?

### स्कूली बच्चे हो रहे हैं शिकार

स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स से पता चलता है कि मध्यप्रदेश के शहडोल जिले के माध्यमिक विद्यालय में पिछले कुछ दिनों से स्कूल पहुंचते ही छात्राएं अजीबो-गरीब हरकत करने लग जाती हैं, बिल्कुल उसी तरह जिसे समाज में 'माता आने' की स्थिति के तौर पर जाना जाता है। स्थानीय प्रशासन ने बताया, मामला अभी संज्ञान में आया है।



इसकी जांच कराई जा रही है।

ऐसे ही एक अन्य मामले में कपिलवस्तु जिले के एक स्कूल में पहुंचते ही कई छात्र चीखने चिल्लाने लग जाते हैं, कई तो बेहोश भी हो जा रहे हैं। घटनाओं को देखते हुए एहतियातन स्कूल को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। खबरों के मुताबिक जब बच्चों का स्कूल में झाड़-फूंक कराया गया तो मामला शांत हो गया। लिहाजा ग्रामीणों ने ये मान लिया कि स्कूल में भूत का साया है। वास्तव में इसके पीछे क्या कारण है? आइए समझते हैं।

### भूत-प्रेत का साया या मानसिक रोग?

स्कूलों में बढ़ते इस तरह के मामले के पीछे क्या कारण है, इसे समझने के लिए भोपाल स्थित मनोचिकित्सक डॉ सत्यकांत त्रिवेदी कहते हैं, वर्षों से इस तरह के मामले देखे जाते रहे हैं, कभी बच्चे तो कभी महिलाएं किसी विशेष आयोजन पर झमने, चीखने-चिल्लाने लग जाती हैं। इसे माता आने या फिर भूत-प्रेत की समस्या मानकर लोग लंबे समय तक अंधविश्वास के चक्कर में झाड़ फूंक कराते रहते हैं। पर असल में इन घटनाओं का भूत-प्रेत से कोई संबंध नहीं होता है बल्कि ये एक प्रकार का मानसिक रोग है जिसे 'मास हिस्टीरिया' के नाम से जाना जाता है।

हिस्टीरिया शब्द का उपयोग अक्सर भावनात्मक रूप से आवेशित व्यवहार के लिए किया जाता है, जिसमें व्यक्ति नियंत्रण से बाहर लगने लग जाता है। अगर ये घटनाएं एक साथ कई लोगों में होने लगें तो इसे मास हिस्टीरिया की समस्या के तौर पर जाना जाता है।



### मास हिस्टीरिया के बारे में जानिए

मास हिस्टीरिया को मनोचिकित्सा में 'कलेक्टिव ऑब्सेशनल बिहेवियर' के तौर पर भी जाना जाता है। इसमें किसी समूह के लोग बाध्यकारी रूप में डरावना व्यवहार करना शुरू कर देते हैं। ऐसा सिर्फ भारत में ही नही हैं, यूनाइटेड किंगडम सहित कई अन्य देशों में भी इस तरह के मामले रिपोर्ट किए जाते रहे हैं। किंग्स कॉलेज लंदन में प्रो. साइमन वेस्ले कहते हैं, मास हिस्टीरिया सनक, घबराहट और असामान्य स्थितियों का वर्णन करने वाली समस्या है, जिसमें एक व्यक्ति को देखकर साथ के लोग भी अनियंत्रित रूप से व्यवहार करना शुरू कर देते हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि पुरुषों की तुलना में महिलाओं के समूह में ये घटनाएं अधिक देखी जाती रही हैं।

